RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 262 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# शराब घोटाले में केजरीवाल को बेल

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मामले पर सार्वजनिक टिप्पणी न करें अपीलकर्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आज दो याचिकाओं पर फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को नियमित जमानत देने का फैसला सुनाया। इस संबंध में न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने उनके फैसले पर सहमति जताई। कोर्ट ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी।

सीबीआई की गिरफ्तारी से जुड़ी याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं थी। ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। ऐसे में अब उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने 103 दिन पहले यानी 2 जून को अंतरिम जमानत की मियाद पूरी होने के बाद सरेंडर किया था। माना जा रहा है कि वे आज ही जेल से बाहर आ सकते हैं। केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी और जमानत से दिल्ली हाईकोर्ट के इनकार को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। पीठ ने पांच सितंबर को केजरीवाल की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।





### जस्टिस भुइयां ने सीबीआई की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए

"न्यायमूर्ति भुइयां ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के समय पर सवाल उठाया और कहा कि एजेंसी का उद्देश्य ईडी मामले में उन्हें जमानत दिए जाने में बाधा डालना था। उन्होंने कहा कि सहयोग न करने का मतलब आत्म-दोषारोपण नहीं हो सकता। सीबीआई को ऐसी धारणा दूर करनी चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता है,उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता नहीं है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि केजरीवाल के गोलमोल जवाबों का हवाला देकर सीबीआई गिरफ्तारी को उचित नहीं ठहरा सकती और हिरासत में रखे नहीं रह सकती। जब केजरीवाल को ईडी मामले में जमानत मिल गई है तो उन्हें हिरासत में रखना न्याय की दृष्टि से ठीक नहीं होगा।

### जस्टिस कांत ने गिरफ्तारी को वैध माना



"जस्टिस कांत ने कहा कि तर्कों के आधार पर हमने 3 प्रश्न तैयार किए हैं। क्या गिरफ्तारी अवैधता थी? क्या अपीलकर्ता को नियमित जमानत दी जानी चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल करना परिस्थितियों में इतना बदलाव है कि उसे ट्रायल कोर्ट में भेजा जा सके? उन्होंने आगे कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करना कोई गलत बात नहीं है। हमने पाया है कि सीबीआई ने अपने आवेदन में उन कारणों को बताया है कि उन्हें क्यों ये जरूरी लगा। धारा 41ए (iii) का कोई उल्लंघन नहीं है। हमें इस तर्क में कोई दम नहीं लगता कि सीबीआई ने धारा 41ए सीआरपीसी का अनुपालन नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता मामले के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करेगा। ईडी मामले में लगाई गई शर्तें इस मामले में भी लागू होंगी। वह ट्रायल कोर्ट के साथ पूरा सहयोग करेगा।

# राजस्व व रोजगार का बड़ा माध्यम है मत्स्य पालन : डा. संजय निषाद



**नोएडा (चेतना मंच)।** मत्स्य पालन के क्षेत्र में ग्रोथ की असीम संभावनाएं हैं। हाई टेक्नोलॉजी तकनीक के जरिए मत्स्य पालन को राजस्व व रोजगार का बड़ा माध्यम बनाया जा सकता है। इस दिशा में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अलावा उप्र सरकार ने भी कई योजनाएं चलाई हैं। यह कहना था उप्र के मत्स्य विभाग के मंत्री डा. संजय निषाद का। वे आज जिला कलेक्ट्रेट में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

डा. निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत मत्स्य पालन की 33 परियोजनाएं चल रही है।। जिसमें महिलाओं को 60 फीसदी सब्सिडी मिलती है तथा पुरूषों को 40 फीसदी। उन्होंने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भी मत्स्य पालन की काफी संभावनाएं हैं।

- 'नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भी मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं'
- केन्द्र व राज्य सरकार दे रही है ऋण समेत सभी सुविधाएं

लोग हाई टेक्नोलॉजी के जरिए इस कारोबार को कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि की तरह अब मतस्य पालन के लिए भी मतस्य पालकों को किसान क्रेडिट की सुविधाएं मिल रही हैं। जिसके तहत जाल व अन्य सामान के लिए 1.60 लाख तक का ऋण मिल जाता है।

डा. निषाद ने कहा कि यमुना-गंगा नदी में मत्स्य पालन के लिए सरकार (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अलग-अलग इलाकों से आठ दुपहिया वाहन चोरी

**नोएडा / ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरों ने 8 दुपहिया वाहन चोरी कर लिए। मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

थाना बिसरख प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बृजेश कुमार शुक्ला ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बुलेट मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाशों ने गौर सिटी स्थित उनकी सोसाइटी की पार्किंग से चोरी कर ली है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

थाना सेक्टर-113 प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रवीण शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि



वह सेक्टर 112 में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोरों ने उनके घर के बाहर मे खड़ी उनकी स्कूटी का ताला तोड़कर उनकी स्कूटी चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है कि दो चोर बाइक पर सवार होकर आए तथा उन्होंने उनकी स्कूटी का लॉक तोड़ा और उसे स्टार्ट करके मौके से भाग गए। थाना फेस-। प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि नितिन (शेष पृष्ठ-3 पर)

# घर से किशोरी लापता



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 में (17 वर्षीय) किशोरी घर से लापता हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि एक व्यक्ति ने बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गिझौड़ गांव में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 26 अगस्त से उनकी (17 वर्षीय) बेटी घर से लापता है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को काफी जगह पर ढूंढा लेकिन वह नहीं मिली। उसके बाद उन्होंने बीती रात को घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

# चार स्थानों पर कार का शीशा तोड़ बदमाशों ने लाखों का सामान चुराया

**नोएडा (चेतना मंच)।** बदमाशों ने विभिन्न जगहों से चार कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि बीती रात को शुभम पुत्र दिनेश निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली ने थाना सेक्टर 24 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 9 सितंबर को शाम के समय वह घरेलू सामान खरीदने के लिए सेक्टर-12 आए थे। उन्होंने अपनी कार राजकीय इंटर कॉलेज के सामने खड़ी कर दी तथा सामान लेने चले गए। करीब एक घंटा बाद जब वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर उनके कार के अंदर रखा हुआ बैग चोरी कर लिया है। उनके बैग



में उनका लैपटॉप, मोबाइल फोन और नगदी आदि रखी थी।

निशांत शर्मा पुत्र सत्येंद्र शर्मा निवासी ग्राम होशियारपुर ने अपनी कार लॉजिक्स मॉल के सामने खड़ी की थी। अज्ञात चोरों ने उनके कार का शीशा तोड़कर उसमें रखी हुई दो घड़ी, नगदी, घर के रजिस्ट्री के दस्तावेज, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पर्स आदि चोरी कर ली है।


थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-45 स्थित प्रतीक (शेष पृष्ठ-3 पर)

# गे-एप के जरिए ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा शहर में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो गे (समलैंगिक) बनकर लोगों को ब्लैकमेल करके लगातार ठगी कर रहा है। नोएडा पुलिस ने गे-ऐप के द्वारा नोएडा के नागरिकों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है।

यह पूरा मामला गे-ऐप के द्वारा ब्लैकमेलिंग तथा ठगी से जुड़ा हुआ है। दरअसल इंटरनेट पर ग्रिंडर ऐप के नाम से अजीब किस्म का एप सक्रिय है। ग्रिंडर ऐप को गे-ऐप भी कहा जाता है। इसी गे-ऐप के द्वारा नोएडा में एक गिरोह ठगी का बड़ा रैकेट चला रहा था। नोएडा पुलिस कमिश्नरी में तैनात डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने गे-ऐप के जरिए ठगी तथा ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह की जानकारी दी है। नोएडा कमिश्नरी पुलिस के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि एक युवक ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी कुछ लोगों से ग्रिंडर एप के माध्यम से दोस्ती हुई थी। दोस्त बनकर उन लोगों ने युवक को मिलने के लिए बुलाया तथा उसके साथ समलैंगिक संबंध बनाने के बाद उसकी जबरन वीडियो बनाई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे ब्लैकमेल करके उससे मोटी रकम की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने इस घटना में शामिल दीपक तथा किशोर कुमार राघव को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से नोएडा पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन तथा मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि इन आरोपियों ने कई लोगों को ग्रिंडर एप के माध्यम से अपने जाल में फंसाया तथा उनकी अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करके मोटी रकम वसूली की है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# छात्रों का दाखिला न लेने पर रामाज्ञा समेत दो स्कूलों को नोटिस, एक स्कूल सील!




**नोएडा (चेतना मंच)।** शिक्षा के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत बच्चों का स्कूल में दाखिला न लेने पर प्रशासन ने रामाज्ञा स्कूल समेत दो स्कूलों पर कार्रवाई की।

नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल पंवार ने सेक्टर-50 स्थित रामाज्ञा स्कूल तथा सेक्टर-105 स्थित फार्च्यून स्कूल को सील करने की चेतावनी दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# अब आईटी/आईटीईएस के क्षेत्र में आएगा बूम!

## उद्योगपतियों के साथ-साथ प्राधिकरण को भी है शासनादेश का इंतजार

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश में आईटी/आईटीईएस को उद्योग का दर्जा मिलने के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा में विकास की काफी संभावनाएं बढ़ गई हैं। इस निर्णय का व्यापारियों व उद्यमियों ने स्वागत किया।

सीएम की घोषणा के बाद प्राधिकरण को शासनादेश का इंतजार है। आदेश आते ही आईटी/आईटीईएस के प्लाट आवंटन और शर्तो का क्राइटेरिया इंडस्ट्री की तर्ज पर कर दिया जाएगा। इसे बोर्ड में रखा जाएगा। वहां से इसे लागू करवा दिया जाएगा। हालांकि ये भी देखना होगा कि इसका लाभ सिर्फ नए आवंटन पर होगा या पुरानी आईटी/आईटीईएस कंपनियों के आवंटियों को इसका लाभ मिलेगा।



नोएडा में करीब 1100 आईटी/आईटीईएस कंपनियां है। इसके अलावा डेटा सेंटर के लिए करीब 23 हजार वर्गमीटर का प्लाट है। इस प्लाट के आवंटन के लिए योजना निकाली गई। लेकिन कोई आवेदन नहीं आया।

एक बार इंडस्ट्री का दर्जा मिलने पर कई नामी कंपनियां यहां निवेश को तैयार हो सकती है। साथ ही इससे रोजगार और निवेश दोनों के मार्ग खुल जाएंगे। इसके अलावा इंडस्ट्री को मिलने वाले सभी रिबेट भी आईटी/ आईटीईएस सेक्टर को मिलेंगे। नोएडा एंट्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने बताया कि हमारी काफी समय मांग थी कि आईटी/आईटीईएस को इंडस्ट्री का दर्जा दिया जाए। सीएम ने इसकी घोषणा की। ऐसे में इस सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हम कुशल कामगार भी दे सकेंगे।

सीएम योगी के इस फैसले का नोएडा के कारोबारियो ने स्वागत किया है। एनईए से लेकर तमाम कारोबारी संगठन लगातार इसकी मांग करते आ रहे थे। ऐसे में सेमीकॉम -2024 में (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बारिश से बिलासपुर में मकान गिरा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कल से हो रही बारिश के कारण आज सुबह बिलासपुर में एक मकान की छत भरभराकर गिर पड़ी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव का कार्य किया।

थाना दनकौर के प्रभारी मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा बिलासपुर मोहल्ला सेरजी खान में रहने वाले रविंद्र पुत्र दया राम नामक व्यक्ति का मकान आज सुबह को बारिश की वजह से अचानक गिर गया। पुलिस को सूचना मिली कि मकान गिरने से कुछ लोग उसके मलवे के नीचे दब गए हैं।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। बचाव और राहत का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद पाया गया कि मलबे के नीचे कोई नहीं दबा है। उन्होंने बताया कि मकान पुराना तथा जर्जर था।

मालूम हो कि तेज बारिश के चलते गौतम बुद्ध नगर में कई मकान अब तक गिर चुके हैं। सात दिन पूर्व थाना जारचा क्षेत्र में स्थित एक व्यक्ति का मकान गिर गया था, जिससे उसके परिवार के सात लोग सैफ अली, उसकी पत्नी शकीला, सैफ अली के चार बेटे, और उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# वरिष्ठ सपा नेता महेंद्र नागर को पत्नी शोक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी नेता और गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर प्रत्याशी रहे डॉक्टर महेंद्र नागर की धर्मपत्नी श्रीमती मीनू नागर का असामयिक निधन हो गया। वे पिछले दो महीने से बीमारी से जूझ




रही थी। अपोलो हॉस्पिटल में भी कई हफ्ते इलाज चला। इसके बाद डॉ महेंद्र नागर के गाजियाबाद स्थित निजी अस्पताल में ही उनका इलाज चल रहा था। पिछले एक हफ्ते से स्थिति गंभीर बनी हुई थी। डाक्टरों के अथक प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहींसजा सका तथा आज सुबह नागर हॉस्पिटल में ही अपने जीवन की आखिरी सांस ली। इस खबर के बाद क्षेत्र तथा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

# दरोगा की मदद से छूट गया 70 करोड़ डकारने वाला ठग

## नोएडा पुलिस की वर्दी को दागदार कर दिया दरोगा ने, बड़े अधिकारी भी शक के घेरे में

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पुलिस के एक दरोगा की करतूत पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गयी है। चर्चा यह भी है कि इस करतूत में दरोगा अकेला नहीं था। नोएडा पुलिस के इस दरोगा के साथ एसएचओ तथा एसीपी स्तर के अधिकारी भी मिले हुए हैं। जिस दरोगा की करतूत से नोएडा पुलिस की वर्दी दागदार हुई है। उस दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया है।

आपको बता दें कि नोएडा पुलिस की वर्दी को दागदार करने का यह मामला एक विचित्र मामला है। इस मामले के तार भोले-भाले लोगों से 70 करोड़ से भी अधिक की ठगी करने वाले ठग से जुड़े हुए हैं। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की एसटीएफ की टीम ने 7 सितंबर 2024 को 70 करोड़ रूपए की ठगी करने वाले विनोद कुमार धामा तथा रविन्द्र उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया था। दोनों ठगों को एसटीएफ




ने नोएडा के सेक्टर-63 थाने के माध्यम से जेल भेजा थ। इस मामले की जांच का काम नोएडा के सेक्टर-63 थाने के दरोगा दीपक दीक्षित को सौंपा गया था। आरोप है कि नोएडा के दरोगा दीपक दीक्षित ने महाठग विनोद धामा को अदालत से आसानी से जमानत दिलवा दी। आरोपों में बताया गया है कि नोएडा पुलिस के दरोगा दीपक दीक्षित ने अदालत में अपराधी की क्रिमिनल हिस्ट्री पेश नहीं की। जिस समय अदालत में 70 करोड़ रूपए के ठग की सुनवाई चल रही थी उस समय नोएडा पुलिस का यह दरोगा दीपक दीक्षित अदालत में गया ही नहीं। अदालत में लचर पैरवी के कारण 70 करोड़ रूपए की ठगी करने वाले महाठग विनोद धामा को जमानत मिल गई।

इस पूरे प्रकरण की जानकारी नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह को दी गई। श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर नोएडा के सेक्टर-63 थाने में तैनात दरोगा दीपक दीक्षित को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही नोएडा के सेक्टर-63 थाने के एसएचओ के विरूद्ध विभागीय जांच शुरू कर दी गयी है। आरोप यह भी है कि इस मामले में नोएडा के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के एसीपी की भी मिलीभगत है। आरोपों में कहा गया है कि एसीपी की मिलीभगत के बिना इतने बड़े मामले में दरोगा अपने स्तर से लीपापोती नहीं कर सकता।

इस प्रकरण में महाठग विनोद कुमार धामा तथा उसके साथी रविन्द्र उर्फनवाब को एसटीएफकी टीम ने पकड़ा था। एसटीएफ के एएसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि हमें पता चला था कि विनोद कुमार धामा तथा उसके साथी जनता के व्यक्तियों से धोखाधडी कर टैर्ऊडिंग शेयर के नाम से मोटी रकम लेकर उन्हें लालच देकर पैसा निवेश कराते हैं और ज्यादा पैसा खाते में हो जाने के बाद कम्पनी बन्द कर देते हैं तथा किसी दूसरे स्थान पर नये नाम से कम्पनी बना लेते हैं। इनके द्वारा पूर्व में भी कल्प वृक्ष ट्रैडिंग मास्टर टैक्नोलोजी प्रा0लि0 के नाम से नोएडा के एच-87, सेक्टर-63 में तथा हाट सिक्योरिटी लि0 व आयुर्वेद इण्डिया लि0 के नाम से गाजियाबाद में भी ट्रैडिंग फर्म खोली थी, जिसमें करोड़ो का निवेश होने के बाद कम्पनी बन्द कर ये ठग इंदिरापुरम में छिपे हुये थे।

## डॉक्टरों की सुरक्षा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। क्यों कलकत्ता हाईकोर्ट को मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। आखिर क्यों इस मामले में अभियुक्त व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल की गिरफ्तारी के बाद भी आक्रोशित डॉक्टरों का भरोसा नहीं लौट रहा है। निस्संदेह, ये हालत शासन-प्रशासन की कारगुजारियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने से भी बात बनती नजर नहीं आ रही है। लेकिन एक बात तो साफ है कि सरकार व हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों में टकराव की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है। वैसे कोई भी सरकार दावा नहीं कर सकती कि उसके यहां अपराध नहीं होते और भविष्य में नहीं होंगे। लेकिन इसके बावजूद किसी भी वारदात के बाद शासन-प्रशासन से संवेदनशील व्यवहार की तो उम्मीद की ही जानी चाहिए। इस मामले में ममता सरकार से कई मामलों में चूक हुई है, जिसके चलते डॉक्टरों को सड़कों पर उतरना पड़ा है। उन्हें आशंका थी कि शायद पीड़िता को न्याय न मिल सके। बहरहाल, संकट का शीघ्र समाधान जरूरी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अब मैं अपनी बुद्धि के अनुसार वही उमा और शिवजी का संवाद कहता हूँ। वह जिस समय और जिस हेतु से हुआ, उसे हे मुनि! तुम सुनो, तुम्हारा विषाद मिट जाएगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**एक बार त्रेता जुग माहीं। संभु गए कुंभज रिषि पाहीं॥**
**संग सती जगजननि भवानी। पूजे रिषि अखिलेस्वर जानी॥**

एक बार त्रेता युग में शिवजी अगस्त्य ऋषि के पास गए। उनके साथ जगज्जननी भवानी सतीजी भी थीं। ऋषि ने संपूर्ण जगत के ईश्वर जानकर उनका पूजन किया॥

**रामकथा मुनिबर्ज बखानी। सुनी महेस परम सुखु मानी॥**
**रिषि पूछी हरिभगति सुहाई। कही संभु अधिकारी पाई॥**

भावार्थ-मुनिवर अगस्त्यजी ने रामकथा विस्तार से कही, जिसको महेश्वर ने परम सुख मानकर सुना। फिर ऋषि ने शिवजी से सुंदर हरिभक्ति पूछी और शिवजी ने उनको अधिकारी पाकर (रहस्य सहित) भक्ति का निरूपण किया॥

**कहत सुनत रघुपति गुन गाथा। कछु दिन तहाँ रहे गिरिनाथा॥**
**मुनि सन बिदा मागि त्रिपुरारी। चले भवन सँग दच्छकुमारी।।**

श्री रघुनाथजी के गुणों की कथाएँ कहते-सुनते कुछ दिनों तक शिवजी वहाँ रहे। फिर मुनि से विदा माँगकर शिवजी दक्षकुमारी सतीजी के साथ घर (कैलास) को चले॥

(क्रमशः.. )

# हरियाणा के चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है।



हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है।

पहलवानों से जुड़ा मामला और बृजभूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है। हरियाणा में पहलवानों की सबसे अधिक संख्या और कुश्ती में एक मजबूत परंपरा होने के बावजूद, समर्थन की कथित कमी पर चिंता है। खेलो इंडिया पहल में, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है, गुजरात को सबसे अधिक बजट आवंटित किया गया, जिससे हरियाणा के खेल समुदाय में असंतोष पैदा हुआ। यह मुद्दा राज्य में एथलीटों के लिए संसाधनों और समर्थन के वितरण में कथित असंतुलन को उजागर करता है। इन स्थितियों में विनेश और बजरंग पहलवान के कांग्रेस में शामिल होने का पार्टी को लाभ मिलेगा। हरियाणा चुनाव में उठाये जा रहे मुद्दों पर गौर करे तो ये संकेत भाजपा के लिये संकट का कारण बन रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार हरियाणा के चुनावों में लड़ाई कई दलों के लिये आरपार की है। 'अभी नहीं तो कभी नहीं'-हरियाणा का सिंहासन छूने के लिये सबके हाथों में खुजली आ रही है। इसमें हरियाणा के मतदाता की जागरूकता, संकल्प एवं विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगा।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**


## उपलब्धता के साथ गुणवत्ता भी है जरूरी

जल, जिसे जीवन भी कहा जाता है, किसी वरदान से कम नहीं है। इसके बिना जीने की कल्पना भी असंभव है। भारत, जो विश्व की 17 प्रतिशत जनसंख्या का निवास स्थान है, कुल वैश्विक भूजल का एक-चौथाई से अधिक उपयोग करता है। यदि पेयजल की उपलब्धता की बात करें तो वर्तमान में भारत के पास विश्व के मीठे जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत मौजूद है। देश की आवश्यकताओं को देखते हुए इसे चुनौतीपूर्ण स्थिति कहा जा सकता है। 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरुआत पर प्रधानमंत्री भी इसी विषय पर चिंता प्रकट करते नजर आए। घटते भूजल स्तर के मद्देनजर देश के प्रत्येक नागरिक को इसका दुरुपयोग रोकने और पुनर्चक्रण के मंत्र को अपनाने की जरूरत है।

जल संकट कमोबेश समूचे देश को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। देश के अनेक हिस्से जल उपलब्धता से वंचित हैं। बीते दिनों दिल्ली और बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली। राष्ट्रीय राजधानी के कई क्षेत्र ड्राई जोन घोषित किए गए। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय जल संकट का सामना कर रहे हैं। सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोग मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। यूनिसेफ द्वारा 18 मार्च, 2021 को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 9.14 करोड़ बच्चे जलाभाव की गंभीर स्थिति से जूझ रहे हैं।

पेयजल की बढ़ती कमी में विगत कुछ वर्षों से वर्षा का बदलता प्रतिरूप काफी हद तक जिम्मेदार है। अनियमित एवं कम बारिश तथा बढ़ते तापमान के कारण सूखे जैसे हालात उत्पन्न हो रहे हैं। औद्योगिक व शहरी उपयोग के साथ भारत की 60 प्रतिशत से अधिक कृषि और 85 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति भूजल पर निर्भर है। देश की निरंतर बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत मांग का आपूर्ति पर भारी पड़ना असंतुलन का दायरा कई गुणा बढ़ा देता है। अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के चलते अकारण जल रिसाव, वितरण में असमानता, अकुशल सिंचाई, अत्यधिक दोहन और जल संरक्षण के उपायों की कमी ने भी जल संकट बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

औद्योगिक कचरा, विविध रसायन, सीवेज और घरेलू अपशिष्ट जल स्रोतों में फेंकने अथवा आसपास डंप करने से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे शुद्ध जल की मात्रा घट जाती है। लाखों भारतीयों तक सुरक्षित पेयजल की पहुंच न होने से जलजनित बीमारियों के मामले बढ़ गए हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 163 मिलियन भारतीय सुरक्षित जल से वंचित हैं। 21 प्रतिशत संचारी रोग असुरक्षित जल से जुड़े हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों की सूची में 120वें स्थान पर है, जहां लगभग 70 प्रतिशत जल संदूषित है।



जल प्रदूषण और दुरुपयोग का यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब देश की आधे से अधिक आबादी जल संकट से जूझेगी। डीसीएम श्रीराम और सत्व नॉलेज की मार्च, 2024 में आई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से अधिक जिलों में पानी की समस्या बढ़ सकती है। इस दौरान प्रति व्यक्ति पानी की मांग में 30 प्रतिशत और उपलब्धता में 15 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक देश में मौजूद जल का 40 प्रतिशत हिस्सा समाप्त हो सकता है।

जल संरक्षण के संदर्भ में नियम-कानून बने होने तथा केंद्र-राज्य सरकारों द्वारा जल संरक्षण के प्रति जन जागृति फैलाने के लिए 'अटल भूजल योजना', 'कैच द रैन' और 'जल जीवन मिशन' जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। बावजूद इसके यदि हालात न सुधरें, तो स्पष्ट तौर पर न तो लोग इसे गंभीरता से ले रहे हैं और न ही नियम-कानूनों का समुचित क्रियान्वयन संभव हो पा रहा है। भारत का नाम जल संकट के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले 37 देशों में सूचीबद्ध होना गहन मंथन का विषय है। जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि नवीन तकनीकों और नीतियों को अपनाते हुए ड्रिप सिंचाई जैसी टिकाऊ कृषि तकनीकों को बढ़ावा दिया जाए।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने भी कहा, प्रकृति संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा रहा है। जल संचय केवल नीतियों तक सीमित न होकर एक पुण्यकर्म भी है, जिसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों समाहित हैं। दूसरे शब्दों में, जल संरक्षण सामाजिक निष्ठा का भी विषय है, जिसका पालन हमारे पूर्वजों के लिए सर्वोपरि रहा। जल संकट एक स्वास्थ्य संकट है, और प्रत्येक नागरिक के लिए इसे समझना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री के कथनानुसार, यदि 'रिड्यूस', 'रियूज़', 'रिचार्ज' और 'रिसाइकिल' अपनी दिनचर्या के अभिन्न भाग बना लिए जाएं, तो निस्संदेह हर बूंद सहेजने का यह प्रयास संजीवनी बनकर कितने ही लोगों का जीवन बचा सकता है। इससे बढ़कर परोपकार और क्या हो सकता है!

**-दीपिका अरोड़ा**

## राशिफल

**भाद्रपद शुक्ल पक्ष : दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले सकते हैं। मंदिरों की यात्रा हो सकती है। या ऐसे भी यात्रा संभव है। प्रेम-संतान का साथ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। वाहन धीरे चलाएं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आनंददायक जीवन गुजरेगा फिर भी बच्चों की सेहत का ध्यान रखिए। प्रेम में तू-मैंमैं से बचिए।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान मध्यम है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुकता पर काबू रखें। महत्वपूर्ण निर्णय भी अभी रोक कर रखें। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम-संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन घरेलू सुख बाधित हो रहा है क्योंकि कलहकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक प्रसार संभव है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा है। शनिदेव को प्रणाम करते रहें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। एक ऊर्जावान व्यक्ति बने रहेंगे। समाज में सराहना होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
खर्च की अधिकता। मन में बेचैनी, घबराहट, अज्ञात भय। प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार भी मध्यम है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शुभ समाचार की प्राप्ति। यात्रा का योग बनेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कानूनी रूप से मजबूत बने रहेंगे। राजनीतिक लाभ होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय को अवगत कराया कि लगातार हो रही अतिवृष्टि से सड़कों पर जलभराव और कीचड़ हो गया है, हर जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है, जिससे छात्रों और शिक्षकों के लिए विद्यालय पहुंचना कठिन हो रहा है।

कई विद्यालयों के भवन जर्जर स्तिथि में हैं ,बरसात के कारण छतों पर जलभराव होने के कारण छत एवं दीवारों के गिरने की संभावना भी बनी हुई है। जिससे बच्चों के साथ अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है। बच्चे स्कूल आते एवं जाते बारिश में भीग कर बीमार हो रहे हैं।

प्रतिनिधि मंडल में मांडलिक मंत्री मेघराज भाटी,जिला अध्यक्ष प्रवीन शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, हेमन्त खोदना जिला संयुक्त मंत्री, सतीश पीलवान ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर , गीता भाटी,मृदुला शुक्ला जिला संगठन मंत्री, स्वेता सोमवंशी जिला प्रचार मंत्री, ममता शर्मा आदि उपस्थित रहे।



गत बुधवार को जनपद आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करते भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राज नागर।

# विचार गोष्ठी आयोजित




**नोएडा ( चेतना मंच )।** महिलाओं पर बढ़ती हिंसा व यौन उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ सीटू के राष्ट्रीय आह्वान के तहत महिला कामगारों की सुरक्षा के विषय पर सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर ने आपसी विचार विमर्श के लिए कल सीटू जिला कार्यालय सेक्टर- 8 पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सीटू जिला कमेटी की वरिष्ठ नेता कामरेड लता सिंह ने किया तथा संचालन सीटू जिला उपाध्यक्ष कामरेड पूनम देवी ने किया। बैठक में रिपोर्ट रखते हुए सीटू जिला महासचिव कामरेड रामसागर ने बढ़ती महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रेखांकित किया। बैठक में कोलकाता के आईजी सरकारी अस्पताल में एक युवा महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या और देश व प्रदेशों में बढ़ती महिला उत्पीड़न की घटनाओं की कड़ी निंदा किया गया और मांग किया गया कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

बैठक में महिला कामगारों को संगठित करने और उनके मुद्दे पर आंदोलन चलाने के लिए 7 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। जिसकी संयोजक कामरेड पूनम देवी को चुना गया तथा कमेटी सदस्य मंजू राय, सपना देवी, गुड़िया, सपना देवी, राम स्वारथ सबीना को चुना गया। बैठक के समापन के दौरान मजदूर वर्ग की पार्टी सीपीआई (एम) के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम के निधन की खबर सुनकर कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। भारी मन से उनके सम्मान में संगठन का झंडा झुका कर और 2 मिनट का मन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# सीताराम के निधन पर जताया शोक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर नोएडा की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की लोकल कमेटी ने शोक प्रकट किया।

कम्युनिस्ट पार्टी नोएडा के सचिव डॉक्टर रुपेश वर्मा ने शोक प्रकट करते हुए बयान जारी किया कि कामरेड सीताराम का जीवन अपने आप में एक बड़ी सीख है उनका जीवन प्रेरणादाई और संघर्षों से भरपूर रहा है वह पूरे जीवन मजदूरों किसानों एवं अन्य मेहनतकश वर्गों के लिए समर्पित रहे लोकल कमेटी कामरेड सीताराम को अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करती है।

# अधिकारी किसानों की बात सुनें : शर्मा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा ने कहा है कि किसानों की समस्याओं का समाधान जनपद के अधिकारी करें। उन्होंने कहा कि किसानों की उपेक्षा करना अधिकारियों को भारी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज किसान अपनी समस्याओं को लेकर दर-दर के ठोकरे खा रहे हैं लेकिन अधिकारी उसका निस्तारण करने में कोई रूचि नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (अ) किसानों की समस्याओं को लेकर मुखर होकर आंदोलन करने का काम करेगी। और आगे करती हुई रहेगी उन्होंने



कहा कि किसान हमारे देश के विकास में अहम भूमिका निभाते आ रहा है आज किसानों की उपेक्षा कर अधिकारी ठीक नहीं कर रहे हैं। विभोर शर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (अ) हमेशा किसानों के हित की लड़ाई लड़ती है।

# प्रदेश सरकार ने तोड़ दिया अपराधियों की कमर : पंडित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के नेता रवि पंडित (हबीबपुर) ने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास की जो इबारद लिखी है। वह स्वागत योग्य है उन्होंने कहा कि क्यों प्रदेश सरकार ने अपराधियों की करम तोड़कर रख दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए विपक्ष अब जाट की राजनीति पर उतर आया है। उन्होंने कहा कि लुटेरे एवं अपराधियों की परोपकारी कर समाजवादी पार्टी के लोग वोट बैंक बनाने के अभियान में जुटे हैं।



लेकिन उनका अभियान कभी सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने पूरे लोकसभा क्षेत्र के गांव एवं शहरों एवं क्षेत्र में विकास की गंगा बहाली है। उन्होंने डॉक्टर महेश शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा सरल सांसद नहीं मिलेगा जो हमेशा सभी के लिए उपलब्ध रहते हैं।

# भारत फिर बनेगा विश्व गुरू : मुन्ना कुमार शर्मा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माऊंटआबू, जिला-सिरोही, राजस्थान के ज्ञानसरोवर कैंपस स्थित हार्मोनी हॉल ऑडिटोरियम में संस्था के Sparc (Spiritual Applications Research Centre) विंग द्वारा आयोजित Spirituality in Research(SIR) कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने संबोधित किया।

इस मौके पर श्री शर्मा ने पारिस्थितिकी, सामाजिक सद्भाव और अध्यात्म के समन्वय से भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का आह्वान किया।

होंने कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा ब्रह्माकुमारी संस्था के साथ मिलकर भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अनुकूल पर्यावरण संरक्षण का कार्य करेगी और भारतीय संस्कृति के गौरव को पुनः वापस लाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा स्पार्क द्वारा चलाये जा रहे विज्ञान और अध्यात्म में समन्वय स्थापित करने के कार्य में पूर्ण सहयोग करेगी।उन्होंने दीप जलाकर कांफ्रेंस का उद्घाटन किया।

# भाकियू की पंचायत स्थगित, समस्या का हुआ समाधान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रन्हेरा व नगला हुकुम गांव में पिछले कई दिनों से भरे पानी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पंचायत की घोषणा की थी। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने पानी निकासी के लिए किए जा रहे प्रयास से किसानों को अवगत कराया। बताया कि काम चल रहा है जल्द ही पानी निकाल दिया जाएगा। जिसके बाद किसानों ने पंचायत स्थगित कर दी।

गांव का पुराना नाला नोएडा इंटर नेशनल एयरपोर्ट में आ गया है। इस कारण नाले को बंद कर दिया गया है। बनाया गया नया नाला पानी नहीं निकाल पा रहा है। इस कारण रन्हेरा व नगला हुकुम गांव में पिछले कई दिन से पानी भरा हुआ है। बिजली कटी हुई है और किसानों के घरों में सांप जा रहे हैं। इस कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत में पहुंच एसडीएम जेवर अभय सिंह ने किसानों को बताया कि नाले की सफाई का कार्य चल रहा है। साथ ही गांव में टीम लगाकर राहत सामग्री का वितरण कराया जा रहा है। जल्द ही पानी निकाल दिया जाएगा। जिसके बाद बीकेयू ने धरना स्थगित कर दिया। बीकेयू पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने अधिकारियों से कहा कि एयरपोर्ट का जो पानी गांव में आ रहा है उसे भी तत्काल रोका जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। साथ ही उन्होंने प्रशासन को हर प्रकार से मदद करने का भी आश्वासन दिया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**राजस्व व रोजगार का...**

ने 5-5 किमी पर खंड विकसित किये हैं जहां पर समितियां बनाकर मत्स्य का कारोबार किया जा सकता हैं। इसमें सरकार की ओर से सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। अब पहले की तरह इन नदियों पर किसी एक का ठेका व एकाधिकार नहीं रहेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**गे-एप के जरिए ठगने**

आपको बता दें कि गे-ऐप के द्वारा नोएडा में सामने आया यह मामला नया मामला नहीं है। इससे पहले मेरठ शहर में भी इस प्रकार की ठगी तथा ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आ चुका है। मेरठ पुलिस ने भी गे बनकर ब्लैकमेलिंग करने वाले एक गिरोह को पकड़ा था। नोएडा पुलिस को आशंका है कि मेरठ वाला गिरोह जेल से छूटने के बाद नोएडा में सक्रिय हो गया था।

**चार स्थानों पर कार...**

सोसाइटी के सामने से अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति की टाटा हैरियर कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा हुआ लैपटॉप एवं कीमती सामान चोरी कर लिया है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मोहित श्रीवास्तव ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-99 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह सेक्टर-45 स्थित प्रतीक स्टाइल होम सोसाइटी में स्थित एक एटीएम से पैसा निकालने के लिए गए थे। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी। जब वह कुछ देर बाद वापस आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनकी टाटा हैरियर कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा हुआ लैपटॉप, हेडफोन और अन्य सामान चोरी कर लिया है।

बीती रात को इंद्रजीत राय पुत्र अमित राय निवासी हाइड पार्क सोसाइटी सेक्टर-78 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी कार बरौला गांव के पास 2 सितंबर को खड़ी की थी, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर कार के अंदर रखा हुआ उनका लैपटॉप, चार्जर और अन्य सामान चोरी कर लिया है।

**अलग-अलग इलाकों...**

तिवारी ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने 2 सितंबर को अपनी मोटरसाइकिल ए-25 सेक्टर तीन स्थित अपने ऑफिस के बाहर खड़ी की थी। जब शाम के समय वह ऑफिस से बाहर निकले तो उन्होंने देखा की चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

थाना सेक्टर-58 प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बीती रात को अनूप कुमार यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 57 स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने कंपनी के बाहर अपनी मोटरसाइकिल पार्क की थी। वहां से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है।

थाना सेक्टर-39 प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दीपक कुमार पुत्र तोहार सिंह ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सलारपुर गांव आश्रम वाली गली में रहते हैं। अज्ञात चोरों ने उनके कमरे से फोन तथा उनकी मोटरसाइकिल की चाबी चोरी कर ली। बदमाश उनकी मोटरसाइकिल को स्टार्ट करके चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर 24 प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि बीती रात को प्रशांत कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सेक्टर 12 में खड़ी की थी। वहां से अज्ञात चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

थाना सूरजपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र से उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। थाना फेस -3 प्रभारी राजकुमार ने बताया कि बीती रात को रईस खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल सेक्टर 67 से चोरी कर लिया है।

**अब आईटी/आईटीईएस के...**

इसकी औपचारिक घोषणा के बाद कारोबारी शासनादेश के इंतजार में है। दरअसल नोएडा में आईटी/ आईटीईएस के प्लाट आवंटन की दर इंडस्ट्रियल प्लाट से काफी ज्यादा है। नोएडा के सेक्टर-1, 16ए और 24 जैसे आईटी/ आईटीईएस सेक्टर में 26 हजार रुपए प्रतिवर्गमीटर से 73220 रुपए प्रतिवर्गमीटर तक आवंटन दर है। वहीं इंडस्ट्रियल सेक्टर में आईटी/ आईटीईएस आवंटन दर 37340 है। इसके अलावा इंडस्ट्रियल सेक्टर में आवंटन दर महज 28 हजार से 30 हजार रुपए प्रतिवर्गमीटर है। यानी एक बार दर्जा मिल जाने से आईटी/ आईटीईएस सेक्टर में बूम आएगा। कम दर पर प्लाट का आवंटन होगा साथ वर्किंग कैपिटल भी बचेगी। इससे प्लांट को ग्रोथ मिलेगी।

**छात्रों का दाखिला न लेने...**

रामाज्ञा स्कूल में आरटीआई के तहत आवंटित 20 सीटों के सापेक्ष प्रबंधन ने सिर्फ 5 बच्चों का ही दाखिला लिया। जबकि फॉर्च्यून स्कूल ने भी 7 सीटों के मुकाबले एक छात्र का भी दाखिला नहीं लिया। प्रशासन ने इसे आरटीआई आदेश का खुला उल्लंघन माना। अभिभावकों की शिकायत पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने एक टीम गठित की तथा स्कूलों का निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिये थे। निरीक्षण के दौरान रामाज्ञा स्कूल के प्रबंधन ने बताया कि टीम तो आई थी पर कोई कार्रवाई नहीं की।

उधर बीएसए राहुल पंवार का कहना है कि दोनों स्कूल निर्देश के बाद भी छात्रों को समुचित दाखिला लेने में आनाकानी कर रहे थे। दोनों ही स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। फिर भी आदेश न मानने पर दोनों स्कूलों को सील कर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि नोएडा एक्सटेंशन स्थित रामाज्ञा स्कूल को प्रशासन ने सील कर दिया है। चर्चा है कि प्रबंधन बीएसए से बातचीत कर सील खुलवाने के प्रया समें लगा है।




# सीताराम येचुरी का निधन वामपंथी विचारधारा के लिए अपूर्णनीय क्षति : मदन भैया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल के खतौली विधायक मदन भैया ने वामपंथी नेता सीताराम येचुरी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। सीताराम येचुरी सीने में संक्रमण की समस्या से पिछले 23 दिनों से एम्स में उपचार करा रहे थे। दिवंगत येचुरी ने अपने राजनैतिक जीवन में समान विचारधारा के लोगों से सामन्जस्य बनाए रखा।

मदन भैया ने चेतना मंच के साथ बातचीत में बताया कि सीताराम येचुरी वामपंथी विचारधारा के सर्वोपरि नेताओं में शुमार थे। येचुरी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से छात्र नेता के रूप में राजनीतिक सफर करते हुए संसद तक वामपंथी विचारधारा को आजीवन बुलंद करते रहे। उनके निधन से देश को अपूर्णनीय क्षति हुई हैं और वामपंथी विचारधारा को झटका लगा है, इसे किसी भी हाल में पूरा नहीं किया जा सकता। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पार्थिव शरीर को मेरा लाल सलाम।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ ही 83.97 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच भारतीय रुपया शुरुआती सत्र में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 83.97 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सक्रिय हस्तक्षेप से रुपया एक निश्चित सीमा के भीतर स्थिर बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार किया। रुपया 83.97 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.97 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसा गिरकर 83.99 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### कोष प्रबंधन मंच सेंट्रिसिटी ने दो करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** डिजिटल कोष प्रबंधन मंच सेंट्रिसिटी ने शुरुआती वित्तपोषण चरण में दो करोड़ डॉलर यानी कि लगभग 168 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे कंपनी का मूल्यांकन 12.5 करोड़ डॉलर हो गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सेंट्रिसिटी अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए ताजा पूंजी का उपयोग करने की योजना बना रही है। कंपनी अपनी प्रौद्योगिकी विकास टीम को 75 से बढ़ाकर 150 से अधिक विशेषज्ञों तक दोगुना करने की योजना बना रही है, जो जनरेटिव एआई-लेड मॉड्यूल, इंश्योर-टेक और ब्रोकिंग-टेक मंच जैसे नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करेगी। जनवरी, 2022 में स्थापित गुरुग्राम स्थित सेंट्रिसिटी ने सितंबर, 2022 में दो करोड़ डालर के मूल्यांकन पर 40 लाख डॉलर जुटाए।

### श्री तिरुपति एग्रो ट्रेडिंग का शेयर 12 फीसदी तेज होकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के शेयर गुरुवार को 83 रुपये के निर्गम कीमत के मुकाबले लगभग 12 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर कंपनी का शेयर 92.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 11.92 प्रतिशत की उछाल दिखाता है। बाद में यह 17.51 प्रतिशत बढ़कर 97.54 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर कारोबार की शुरुआत में यह 8.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 795.64 करोड़ रुपये रहा। श्री तिरुपति बालाजी की आरंभिक शेयर बिक्री (आईपीओ) को बोली के आखिरी दिन तक 124.74 गुना अभिदान प्राप्त हुआ था।

### सैमसंग 200 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी

**नई दिल्ली।** मोबाइल और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स की दिग्गज कंपनी सैमसंग इंडिया अपने 200 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी ने बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और व्यापारिक वृद्धि में कमी की वजह से यह फैसला ?लिया है। सैमसंग इंडिया के लगभग 2,000 अधिकारियों में से यह छंटनी मोबाइल फोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लायंसेज और अन्य सपोर्टिंग विभागों को प्रभावित करेगी।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

एजेंसी

**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की संभावना मजबूत होने से भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा। इससे घरेलू इक्विटी में विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीदों से भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान एक समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 83,000 अंक से ऊपर पहुंच गया था पर बाद में फिसल गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स अंत में 1439.55 अंक करीब 1.77 फीसदी तेजी के साथ 82,962.71 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पहली बार 83,000 , निफ्टी 25,000 के ऊपर निकला



वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर निकल गया पर अंत में 470.45 अंक तकरीबन 1.89 फीसदी बढ़कर 25,388.90 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी से बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर 6.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 467.36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के जिन शेयरों में तेजी रही उनमें भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस रहे। इसके साथ ही लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के शेयरों में भी बढ़त रही। वहीं बैंक निफ्टी, ऑटो, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा और तेल एवं गैस से जुड़े शेयरों में भी एक फीसदी तेजी आई। भारती एयरटेल का शेयर चार फीसदी तेजी के साथ आज सबसे ऊपर पहुंचा। पर पहुंच गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक के शेयरों में एक फीसदी से ज्यादा तेजी आई है जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब दो फीसदी ऊपर आया। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में मामूली वृद्धि हुई लेकिन महंगाई में कुछ स्थिरता दिखी। वहीं सीएमई फेडवॉच के अनुसार फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की संभावना बढ़ी है। इससे इस घरेलू इक्विटी में विदेश निवेश बढ़ने की संभावनाएं तेज हुई है। इसी कारण बाजार उछला है। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मजबूत संकेतों के बीच ही सेंसेक्स और निफ्टी की बढ़त के साथ शुरूआत हुई। शुरूआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 81,840 पर आ गया, जो 317 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 50 ने 141 अंक की वृद्धि के साथ 25,059 पर कारोबार किया। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई 225 शुरूआती ट्रेडिंग में 3 फीसदी उछला और ब्रॉड-बेस्ड टॉपिक्स में 2.48 फीसदी की बढ़त देखी गई। दक्षिण कोरिया में कोस्पी 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ खुला, जबकि छोटे कैप वाला कोस्डाक 2.5 फीसदी ऊपर कारोबार करता दिखा। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी, एएसएक्स 200 में 0.6 फीसदी की बढ़त देखी गई, वहीं हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 17,194 पर ट्रेड करता दिखा।

## नए किरदार, नई कहानियां और अपनों का साथ, सोनी सब पर



**मुबई।** इस त्यौहारी सीजन में सोनी सब सभी परिवारों को पसंद आने वाली और भी सामग्री पेश करने की तैयारी कर रहा है। अपनी दिल को छू लेने वाली, परिवार-उन्मुख प्रोग्रामिंग के लिए मशहूर सोनी सब अपने पसंदीदा शो है। वागले की दुनिया और पुष्पा इम्पॉसिबल के कलाकारों ने कहा, नए किरदारों और नए कथानक के साथ, प्रशंसक अधिक ड्रामा, भावुक पारिवारिक पल और भावनात्मक गहराई की उम्मीद कर सकते हैं - जो प्रियजनों को एक साथ लाने वाले त्यौहारी उत्साह के लिए एकदम सही है।

## टैली सोल्युशन्स ने कनेक्टेड सर्विसेज को टैलीप्राइम 5.0 बनाकर किया लॉन्च

**रांची।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़- तेजी से विकसित होते एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण के साथ टैली सोल्युशन्स ने आज अपनी कनेक्टेड सर्विसेज को और बेहतर बनाते हुए नए टैलीप्राइम 5.0 का लॉन्च किया। बिजनेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाली जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी टैली ने एपीआई-संचालित टैक्स फाइलिंग के साथ अपनी कनेक्टेड सर्विसेज को नया आयाम दिया है। देश-विदेश में मिड-मास सेगमेन्ट के बिजनेस के संचालन को सुगम बनाने के प्रयास में यह लॉन्च किया गया है। कनेक्टेड जीएसटी से युक्त




नया वर्जन सभी ऑनलाईन जीएसटी ऑपरेशन्स के लिए कंसोलिडेट इंटरफेस की तरह काम करेगा, जिसके लिए जीएसटी पोर्टल पर जाने की जरूरत नहीं होगी। यह लॉन्च टैली के कनेक्टेड अनुभव को और भी मजबूत बनाएगा, जिसमें ई-इनवॉयसिंग, ई-वे बिल जनरेशन और व्हॉट्सऐप इंटीग्रेशन आदि शामिल हैं। इसके अलावा मिडल ईस्ट और बांग्लादेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टैलीप्राइम 5.0 में अडवान्स्ड मल्टी-लिंगुअल क्षमता को भी शामिल किया गया है, जो फोनेटिक सपोर्ट के साथ अरबी और बंगाली भाषाओं का इंटरफेस भी प्रदान करेगा। नए वर्ज़न में कई फीचर्स शामिल हैं जैसे फास्ट डेटा अपलोड/डाउनलोड के लिए जीएसटी पोर्टल का डायरेक्ट कनेक्ट, जीएसटीआर1 रिटर्न फाइलिंग और न्यू रेकॉन फ्लेक्सिबिलिटी जिसमें टैली के अनूठे जीएसटीआर-1 रेकॉन और जीएसटीआर-3बी रेकॉन फीचर्स तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पर रिस्क की पहचान और लेजर बनाना शामिल हैं। ये सभी फीचर बुककीपिंग से लेकर रिटर्न फाइलिंग तक हर जरूरी सहयोग देते हुए इंटीग्रेटेड अनुभव प्रदान करते हैं।

## इलेक्ट्रिक कार 2 साल में पेट्रोल कारों के बराबर हो जाएगी : गडकरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कई बार इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमत और इनकी बिक्री से जुड़े मुद्दे उठा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि इलेक्ट्रिक कारों की कीमत अगले 2 साल में पेट्रोल कारों के बराबर हो जाएगी। आम आदमी के लिए कीमत सस्ती होने से इनकी बिक्री में इजाफा होने लगेगा। नितिन गडकरी लंबे समय से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के पक्षधर रहे हैं। 64वें अक्मा वार्षिक सत्र में बोलते हुए, गडकरी ने इलेक्ट्रिक वाहनों को आम जनता के लिए किफायती बनाने के उपायों पर जोर दिया। गडकरी ने एक दशक पहले प्रमुख ऑटोमोबाइल निमार्ताओं की ओर से उन्हें मिले संदेह के बारे में भी विचार व्यक्त किए। गडकरी ने कहा, ह्लदस साल पहले, जब मैं




ईवी के लिए जोर दे रहा था, तो भारत में ऑटोमोबाइल दिग्गजों ने मुझे गंभीरता से नहीं लिया। अब, वे मुझसे कहते हैं कि शायद वे मौका चूक गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईवी पर उद्योग का नजरिया काफी बदल गया है। अपने संबोधन के दौरान, मंत्री ने ऑटोमोबाइल कंपनियों से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा पहलों में योगदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा उनके मंत्रालय के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि खराब तरीके से डिजाइन और इंजीनियर की गई सड़कें भारत में दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि अगर वित्त मंत्रालय या उद्योग मंत्रालय उन्हें लागू करने का फैसला करता है, तो वह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए अतिरिक्त सब्सिडी या प्रोत्साहन देने के खिलाफ नहीं हैं। गडकरी ने कहा, मैं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी या प्रोत्साहन के खिलाफ नहीं हूं। अगर वित्त मंत्री और उद्योग मंत्री अधिक देना चाहते हैं, तो मुझे कोई समस्या नहीं है। बता दें कि देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़वा देने के कई प्रयास किए जा रहे हैं. हालांकि, पेट्रोल गाड़ियों की तुलना में अधिक कीमत के वजह से लोगों के बीच इनकी स्वीकार्यता कम है।

## टाटा मोटर्स ने फेस्टिवल ऑफ कार्स किया लॉन्च

**रांची।** टाटा मोटर्स ने अपना सबसे बड़ा फेस्टिवल ऑफ कार्स लॉन्च किया है, जो त्यौहारों के इस सीजन में बेहतरीन ऑफर्स दे रहा है। कंपनी की लोकप्रिय कारें और एसयूवी ऐसी कीमतों पर पहली बार मिल रही हैं और उपभोक्ता के लिये हमारे शोरूम्स पर कई दूसरे फायदे भी उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर ग्राहक 2.05 लाख रुपए के लाभ प्राप्त कर सकते हैं और उनके लिये यह अविश्वसनीय दामों पर अपने सपनों की कार खरीदने का बढ़िया मौका है। त्यौहारों के लिये खास ऑफर 31 अक्टूबर, 2024 तक की सीमित अवधि के लिये पेट्रोल, डीजल और सीएनजी से पावर्ड सभी कारों तथा एसयूवी पर उपलब्ध हैं। फेस्टिवल ऑफ कार्स की घोषणा करते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा कि त्यौहारों का सीजन आने के साथ ही हम अपने ग्राहकों के लिये ढेर सारे आकर्षक ऑफर्स लाकर बहुत खुश हैं। आईसीई व्हीकल्स पर कुल 2.05 लाख रुपये तक के फायदों के साथ, इस साल त्यौहारों के जश्न में कीमतों की सीमित समय के लिये, लेकिन आकर्षक गिरावट और साथ ही एक्सचेंज तथा कैश के लुभावने फायदे शामिल हैं। ऐसे में यह नई शुरूआत के उत्साह में खो जाने का बढ़िया मौका है। हमें विश्वास है कि टाटा की कार का मालिक बनने के लिये ग्राहक इस बेजोड़ अवसर का लाभ उठाएंगे और सुरक्षा तथा डिजाइन के सबसे बढ़िया संयोजन वाली कार खरीदकर त्यौहारों के इस सीजन को वाकई खास बनाएंगे।

## आईफा इंडिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में सितारों ने दिखाया अपना जलवा

**नई दिल्ली।** महामहिम और मिनिस्टर ऑफ टॉलेरेंस ऐंड को-एक्ज़िस्टेंस शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान की छत्रछाया में भारतीय सिनेमा के सबसे अद्भुत जश्न इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) अवॉर्ड्स का आयोजन एक बार फिर से बड़े ही धमाकेदार अंदाज में अबू धाबी स्थित यास आइलैंड के आइकॉनिक इतिहाद एरिना में 27 से 29 सितम्बर, 2024 के बीच किया जा रहा है। आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन तीसरी बार यास आइलैंड में किया जाएगा जिसकी पहचान एक वैभवशाली एंटरटेनमेंट हब के



रूप में होती है। बहुप्रतीक्षित आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन अबू धाबी की संस्कृति व पर्यटन विभाग और अबू धाबी में एक से बढ़कर एक डेस्टिनेशन के अनुभव प्रदान करानके लिए लोकप्रिय ब्रांड मिरल के सहयोग से किया जा रहा है। विक्की कौशल ने अपनी खुशी को बयां करते हुए कहा, आईफा से मेरे सफर का एक खास रिश्ता रहा है जहां ना सिर्फ. उम्दा किस्म के सिनेमा के जश्न की अनोखी मिसाल देखने को मिलती है बल्कि यहां बड़ी-बड़ी प्रतिभाएं और दूरदृष्टा एक जगह इकट्ठा होते हैं।

## फ्रंट रनिंग मामले में ऐक्सिस म्युचुअल फंड में ईडी की तलाशी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऐक्सिस म्युचुअल फंड में फ्रंट रनिंग जांच के मामले में करीब 13 लाख रुपये की परिसंपत्ति और विदेशी मुद्रा जब्त किए हैं। यह जब्ती मुंबई व कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर 9 सितंबर को हुए तलाशी अभियान के दौरान हुई, जो विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम के तहत हुई है। ईडी ने चल परिसंपत्ति जब्त की, जिसमें विदेशी मुद्रा, विदेशी अचल परिसंपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और बैंक खाते व डिजिटल उपकरण शामिल हैं। यह जांच बाजार नियामक सेबी के 2023 के उस आदेश के बाद हुई है, जिसमें ऐक्सिस एमएफ के फंड मैनेजर वीरेश जोशी और 20 अन्य इकाइयों पर कथित फ्रंट रनिंग मामले में प्रतिभूति बाजार में प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई थी। सेबी ने इस मामले में 30.55 करोड़ रुपये की अवैध कमाई जमा कराने का आदेश दिया था। ईडी की जांच जारी है, वहीं जोशी ने राहत के लिए प्रतिभूति अपील पंचाट का दरवाजा खटखटाया है। फ्रंट रनिंग में निवेश फैसले की खातिर संस्थागत ट्रेड में गोपनीय सूचनाओं का इस्तेमाल शामिल होता है, जिससे शेयर कीमतों पर संभावित तौर पर असर होता है।

## शानदार एआई फीचर्स के साथ लॉन्च पोवा 6 नियो

**पटना।** एआई का आज की मॉडर्न दुनिया में बड़ा ही बोलबाला है। इसके आने से न सिर्फ घंटों लगने वाले समय की बचत हुई है, बल्कि ऐसी कई बातें संभव हुई हैं, जो इसके आने से पहले लगभग असंभव लगती थीं। ऐसे में, यूजर्स के बीच एआई स्मार्टफोन्स की माँग तेजी से बढ़ रही है। इसके जवाब के रूप में, टेक्नो ने अपना नया स्मार्टफोन, पोवा 6 नियो, लॉन्च किया है। सिर्फ 11,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध यह स्मार्टफोन 108 मेगा पिक्सेल एआई कैमरा और 16 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है, जो इसे सेगमेंट का पहला 5जी फोन बनाता है। टेक्नो के सीईओ




अरिजीत तालापात्रा ने बताया, ?हम चाहते हैं कि सभी यूजर्स को उनके स्मार्टफोन्स में जरुरत के सारे फीचर्स मिलें। ऐसे में, पोवा 6 नियो के साथ हम ग्राहकों को प्रीमियम एआई फीचर्स उपलब्ध करा रहे हैं। किफायती कीमत पर उपलब्ध यह फोन बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है, जिसमें एआईजीसी पोर्ट्रेट, एआई मैजिक इरेजर, एआई कटआउट, एआई वॉलपेपर, एआई आर्टबोर्ड और आस्क एआई जैसे फीचर्स शामिल हैं। पोवा 6 नियो में 5जी में 3 गुना जूम, सुपर नाइट मोड, टाइम-लैप्स, वीलॉग और ड्युअल वीडियो जैसे फीचर्स भी हैं। इसका फ्रंट कैमरा 8 मेगा पिक्सेल का है, जो शानदार सेल्फी लेने में मदद करता है। मीडियाटेक डी6300 5जी प्रोसेसर से लैस यह फोन 16 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है, जिसे 1 टीबी तक बढ़ाया जा सकता है। पोवा 6 नियो मिडनाइट शैडो, एज्योर स्काई और ऑरोरा क्लाउड कलर वेरिएंट्स में उपलब्ध है। विशेष लॉन्च ऑफर के तहत, 12 जीबी + 128 जीबी वैरिएंट की कीमत 11,999 रुपए है, और 16 जीबी + 256 जीबी वैरिएंट की कीमत 12,999 रुपए है। ग्राहकों के लिए एक्सचेंज ऑफर पर अतिरिक्त 1,000 रुपए की छूट भी शामिल है। यह फोन 14 सितंबर से अमेजन और रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

## एमजी मोटर इंडिया का इंटेलिजेंट ई-सीयूवी विंडसर लॉन्च

**जमशेदपुर/रांची।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटेलिजेंट ई-सीयूवी एमजी विंडसर को लॉन्च किया है। यह कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत पर उपलब्ध होगी और सेडान के आराम और एसयूवी के रोमांच का बेहतरीन मिश्रण पेश करेगी। एमजी विंडसर में एडवांस एयरोडायनामिक डिजाइन, विशाल इंटीरियर्स, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बेहतर सुरक्षा फीचर्स और ड्राइविंग कंफर्ट शामिल हैं। इसे 9.99 लाख रुपये की शुरूआती कीमत पर पेश किया गया है, जिसमें बैटरी रेंटल 3.5 रुपये प्रति किलोमीटर तय की गई है। इसके साथ एमजी का ह्यबैटरी एज ए सर्विस(बीएएएस)



ओनरशिप प्रोग्राम भी मिलेगा। प्रमुख फीचर्स में एयरो लाउंज सीट इनफिनिटी व्यूह्य ग्लास रूफ, 15.6 इंच का टच डिस्प्ले और 604 लीटर का बूट स्पेस शामिल हैं। 38 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ यह वाहन 331 किलोमीटर की रेंज प्रदान करेगी। इस अवसर पर एमजी मोटर इंडिया के सीईओ एमेरिटस राजीव चाबा ने कहा कि विंडसर के लॉन्च के साथ, कंपनी के पोर्टफोलियो में ईभी की बिक्री 50 प्रतिशत के निशान को पार कर जाएगी। वर्तमान में, ईभी कंपनी की कुल बिक्री का 35 प्रतिशत हिस्सा है। एमजी विंडसर का लक्ष्यो हर भारतीय के जीवन को एक लग्जनरी बिजनेस क्लास लाइफस्टाइल और ट्रैवल प्रदान करना है।

## टेक्नो इंडिया ग्रुप व कोलकाता में सिटी फुटबॉल स्कूल का लॉन्च

**रांची।** कोलकाता स्थित स्कूल पूरे भारत में युवा खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रशिक्षण और खेल विकास प्रदान करने के लिए मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के साथ साझेदारी करेगा। कोलकाता, 12 सितंबर, 2024: टेक्नो इंडिया ग्रुप ने आधिकारिक तौर पर सिटी फुटबॉल ग्रुप के साथ साझेदारी की है, जिसका लक्ष्य भारतीय फुटबॉल के विकास को आगे बढ़ाते हुए पश्चिम बंगाल में पहला मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल स्कूल लॉन्च करना है। उपरोक्त स्कूल, जिसने सितंबर में अपना प्री-रजिस्ट्रेशन शुरू किया था, उसका उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय पर फुटबॉल कोचिंग और एक मजबूत खेल नींव का एक अनूठा संयोजन प्रदान करके देश भर से युवा प्रतिभाओं का



पोषण करना है। फुटबॉल स्कूल तीन से सत्रह वर्ष की आयु के एथलीटों की सेवा करेगा, उन्हें सिटी फुटबॉल ग्रुप द्वारा चुने गए पूर्णकालिक मैनचेस्टर सिटी कोचों के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करेगा। कोच मैनचेस्टर सिटी की प्रसिद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था को लागू करेगा, जो प्रत्येक खिलाड़ी के कौशल स्तर के अनुरूप होगी और युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक लाने के लिए डिजाइन की जाएगी। फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ-साथ, स्कूल असाधारण छात्रों के एक चुनिंदा समूह को यूके में मैनचेस्टर सिटी की सुविधाएं प्रदान करेगा, जो एक अद्वितीय प्रशिक्षण अवसर प्रदान करेगा। उन्हें क्लब के प्रसिद्ध प्रशिक्षण माहौल में रुचि विकसित करने और विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल सुविधाओं से परिचित होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सभी नामांकित छात्रों को कार्यक्रम के दौरान एक विस्तृत प्रदर्शन रिपोर्ट और व्यक्तिगत सर्वोत्तम योजना प्राप्त होगी, जिसे सीधे यूके में मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल स्कूल द्वारा विकसित किया गया है। इन रिपोर्टों को छात्रों को वितरित करने के लिए कोलकाता भेजा जाएगा, जिससे उनके कौशल विकास को बढ़ाने और पेशेवर स्तर पर खेल की उनकी समझ को बढ़ाने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और अनुरूप सिफारिशें प्रदान की जाएंगी। इस फुटबॉल स्कूल के खुलने से भारत में खेल शिक्षा के लिए एक नया मानदंड स्थापित होने की उम्मीद है, जिससे फुटबॉल के इच्छुक लोगों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। 150 छात्रों की प्रारंभिक क्षमता के साथ, स्कूल विशिष्ट खेल प्रशिक्षण के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए टेक्नो इंडिया समूह की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है।

### कच्चा तेल 72 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव 72 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.43 डॉलर की उछाल के साथ 71.04 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.36 डॉलर की बढ़त के साथ 66.67 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति

## सारेगामापा शो में सलमान अली की गुरु रंधावा ने की तारीफों की बारिश

**रांची।** जी टीवी का आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा एक ब्रांड-न्यू सीजन के साथ लौट आया है, जिसमें मेंटर्स का एक ताजातरीन पैनल है। जहां मेंटर्स में सचिन-जिगर, सचेत-परंपरा और गुरु रंधावा जैसे उम्दा फनकार शामिल हैं, वहीं विपुल रॉय होस्ट के रूप में नजर आएंगे। सारेगामापा के इस सीजन का शीर्षक है नई आवाज, नया अंदाज, जिसमें भारत की कुछ बेहतरीन उभरती आवाजें पेश की जाएंगी।जहां देश भर से आए कंटेंस्टेंट्स टॉप 12 में अपनी जगह बनाने के लिए मुकाबला कर रहे हैं वहीं इनमें से चुनिंदा कंटेस्टेंट्स ने अपनी बेमिसाल आवाजों और संगीत की लगन से जजों को इम्प्रेस कर दिया है। इस शो के प्रीमियर एपिसोड में दर्शक टैलेंटेड सिंगर सलमान अली को भी ऑडिशन में हिस्सा लेते देखेंगे। ऐसा लगता है कि सारेगामापा लिटिल चैंप्स 2011 में रनर-अप रहने के बाद वो इस ट्रॉफी पर अपना दावा करने वापस लौट आए हैं।पिछले कुछ वर्षों में सलमान अली ने लाखों दिलों को जीता, साथ ही कैफ नाम के कंटेस्टेंट को भी प्रेरित किया। कैफ भाग्यशाली था कि उसे इस सिंगर से मिलने का मौका मिला। कैफ ने बताया कि सलमान अली उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा रहे हैं। यहां तक कि मेंटर गुरु रंधावा भी इस यंग सिंगर की तारीफ करने से खुद को रोक ना सके। गुरु रंधावा ने खुलासा किया कि वो भी सलमान अली के बहुत बड़े फैन हैं और सारेगामापा लिटिल चैंप्स के समय से ही इस सिंगर का सफर देख रहे हैं।

## खास खबर

### विशालकाय शरीर वाले गोलेम का निधन

**मिन्स्क।** बेलारूस के मशहूर बॉडी बिल्डर इलिया गोलेम येफिमचेक का 36 साल की उम्र में निधन हो गया है। इलिया अपने शरीर की वजह से पूरी दुनिया में मशहूर थे उनके कई फैंस थे। उन्होंने अपने अविश्वसनीय शरीर की वजह दुनिया के सबसे खतरनाक बॉडी बिल्डर का खिताब जीता था। वह अक्सर सोशल मीडिया पर एक्सरसाइज की तस्वीरें शेयर करते थे और उनके लाखों की संख्या में फॉलोवर्स भी थे। बॉडी बिल्डिंग की दुनिया में इलिया गोलेम से उनको शोहरत मिली हालांकि उनका असली नाम इलिया येफिन्शिक था। इलिया की मौत किस कारण से हुई यह अभी तक पता नहीं चल सका है। उनकी पत्नी अन्ना ने बताया है कि 6 सितंबर की सुबह गोलेम को घबराहट हुई और दिल की धड़कन रुकने लगी। इसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया। दो दिन बाद डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### नाइजीरिया में भीषण बाढ़ से 30 की मौत

अबूजा । उत्तर-पूर्व नाइजीरिया में भीषण बाढ़ के कारण 30 लोगों की मौत हुई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बोर्नो राज्य में एक प्रमुख बांध के टूटने से भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, इससे निवासियों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी पड़ी। बात दें कि यही बांध 30 साल पहले भी टूटा था। राज्य सरकार ने कहा कि असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण बांध में क्षमता के मुताबिक पर्याप्त पानी भर गया था। नाइजीरिया में दो वर्ष पहले भी भीषण बाढ़ आई थी जिसमें 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि बोर्नो राज्य की राजधानी मैदुगुरी का करीब 15 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न है। राष्ट्रीय आपात प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों की संख्या 30 है। बोर्नो के गवर्नर के सहयोगी ने बताया, ह्यह्य अब तक बाढ़ से करीब 10 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

### बकरे की निकली बैंड बाजे से शव यात्रा

**अमरोहा।** यूपी के जनपद अमरोहा में एक बकरा चर्चा का विषय बना गया। हुआ यूं कि चामुंडा मैया के नाम से छोड़े गए बकरे की मौत हो गई ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार ने अर्थी सजाई। इसके बाद बैंड बाजे के साथ ग्रामीण शव यात्रा निकालकर बकरे के शव को गंगा तट पर लेकर पहुंचे और विधि विधान के साथ उसका अंतिम संस्कार कर दिया। ये मामला अमरोहा के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव पाल का है, यहां पर 20 साल पहले ग्रामीणों ने चामुंडा देवी के नाम से एक बकरा छोड़ दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि बकरा गांव में ही घूमता रहता था और शाम होने पर चामुंडा मंदिर में बैठ जाता था। वह कई दिनों से बीमार था उसे तेज बुखार आया था। ग्रामीणों ने उसका उपचार भी कराया लेकिन सुधार नहीं हुआ और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई, तब विधि विधान से उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी की गई उसकी अर्थी सजाई गई जिसके बाद बकरे की शव यात्रा निकालते हुए गंगा तट पर पहुंचे, जहां विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

# बाढ़ में फंसे 125 लोगों को सुरक्षित निकाला

- दो दिन में अब तक 525 से अधिक लोगों का रेस्क्यू
- हैदराबाद से वायुमार्ग से निकली एनडीआरएफ टीम की नहीं पड़ी जरूरत



एजेंसी

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में बीते दो दिन से हो रही भारी बारिश से बाढ़ के हालात बने हुए हैं और जगह-जगह लोग फंसे हुए हैं। गुरुवार को डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे लगभग 125 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बीते दो दिन में जिले के विभिन्न ग्रामों से कुल मिलाकर अब तक लगभग 525 लोगों को जिला प्रशासन व जनपद पंचायतों की टीमों द्वारा एसडीआरएफ के सहयोग से सुरक्षित निकाला गया है। इन सभी लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में आश्रय दिलाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा राहत शिविरों में खाद्य पदार्थों व दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अतिवृष्टि से प्रभावित जिले के ग्रामों में संयुक्त टीमें लगातार भ्रमण कर लोगों की मदद कर रही हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने गुरुवार को बताया कि डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा में चारों ओर से हुए जल भराव में फंसे लोगों को निकालने के लिये राज्य शासन के माध्यम से हैदराबाद से एनडीआरएफ का दल विशेष विमान से ग्वालियर रवाना हुआ था। साथ ही हैलीकॉप्टर भी बुलाए गए थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर ही जिला प्रशासन व जनपद पंचायत के संयुक्त दलों ने कड़ी मेहनत व सूझबूझ के साथ एसडीआरएफ के सहयोग से ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। इसलिए हैदराबाद से आ रहे दल के सहयोग की जरूरत नहीं पड़ी। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार गुरुवार को दिन भर जिले के जल भराव वाले गाँवों के भ्रमण पर रहे। उन्होंने क्षेत्रीय एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ, विद्युत वितरण कंपनी व खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न ग्रामों में सफलतापूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिलाया। साथ ही क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के सहयोग से राहत शिविरों में भोजन के पैकेट भी वितरित करवाए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में ग्राम लिधौरा और मिलघन में लोगों को संयुक्त टीमों के सहयोग से सुरिक्षत रूप से बाहर निकलवाया। जिला प्रशासन, जनपद पंचायत व अन्य विभागों की संयुक्त टीमों ने एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रबंधन दल) ने आदिवासी का पुरा उटीला से 15 लोगों, सासन भितरवार से 38, नंदों का डेरा डबरा से 70, खेड़ीरायमल व सेंकरा डबरा से लगभग 140, गुरुनानकनगर डबरा से लगभग 135 व ग्राम इकहरा तहसील तानसेन से लगभग 50 लोगों को सुरक्षित रूप से पानी से बाहर निकालकर राहत कैम्पों में पहुँचाया गया है। इसके अलावा ग्राम मिलघन व लिधौरा से भी लगभग 40 लोगों का सफल रेस्क्यू किया गया है। जिला प्रशासन की टीमें अभी भी प्रभावित गाँवों में राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं।

### थल सेना की दो टुकड़ी भी कर रही हैं बचाव कार्य में मदद

जिले में अतिवृष्टि से निर्मित हुई जल भराव की स्थिति से प्रभावित गाँवों व शहरी क्षेत्र में सेना की भी मदद ली जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा पत्र के जरिए सहायता मांगे जाने पर थल सेना भी बचाव कार्य में मदद कर रही है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि आर्मी कैन्ट मुरार की दो बड़ी टीमें बचाव कार्य में सहयोग के लिये आ गई हैं। एक टीम मुरार क्षेत्र में और दूसरी टीम डबरा क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग करने में जुटी हैं। एनडीआरएफ की टीमें भी ग्वालियर जिले में बचाव कार्य में सहयोग के लिये पहुँच चुकी हैं।

# ट्रेन को शॉट सर्किट से ब्लास्ट कराने की थी साजिश

- कानपुर के बाद हरदोई से हैरान करने वाला मामला



एजेंसी

**हरदोई ।** उत्तर प्रदेश में लगातार ट्रेन हादसों की साजिश हो रही है। पहले कानपुर और अब हरदोई से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, हरदोई में ट्रेन को बिजली शॉट सर्किट के द्वारा ब्लास्ट कराने की साजिश रची गई थी। आशंका है कि दुर्गियाना एक्सप्रेस ट्रेन जिस बिजली खंबे के केबल से टकराई, वहां पर किसी के द्वारा छेड़छाड़ की गई थी। रेलवे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि गनीमत रही की किसी तरह का कोई हादसा नहीं हुआ है। दुर्गियाना एक्सप्रेस ट्रेन कोलकाता से अमृतसर जा रही थी। इसकी आशंका है कि केबल से किसी व्यक्ति ने जानबूझकर छेड़छाड़ की है। ट्रेन जैसे ही केबल से टकराई तुरंत ब्लास्ट हुआ। लखनऊ से दिल्ली रेलवे ट्रैक पर रात में दुर्गियाना एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर को इलेक्ट्रिक लाइन में लटकता हुआ कुछ दिखाई दिया। ड्राइवर ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया तब तक ओएचई लाइन ब्लास्ट हुई और विद्युत आपूर्ति ऑटोमेटिक बंद हो गई। इस दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रेल विभाग ने पूरे मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी।

यह घटना रात के 3:00 बजे दलेलनगर व उमरताली के मध्य की है। इलेक्ट्रिक विद्युत लाइन पूरी तरह से बंद हो गई। ट्रेनों का आवागमन भी रुक गया। काफी मशक्कत के बाद दुर्गियाना एक्सप्रेस को सुबह 7 बजे डीजल इंजन से रवाना किया गया। इस दौरान सभी यात्री बेहाल हो गए।

### किम ने फिर दागीं पूर्वी सागर में बैलिस्टिक मिसाइल

**सियोल।** उत्तर कोरिया के किम जोन उन ने फिर बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। मीडिया रिपोर्ट में सियोल का कहना है कि उत्तर कोरिया ने गुरुवार को पूर्वी सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। हालांकि दक्षिण कोरिया ने इसकी ज्यादा जानकारी नहीं दी है लेकिन कहा है कि घटना का विश्लेषण किया जा रहा है। प्योंगयांग ने आखिरी बार एक जुलाई को बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की थी। कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोन-उन ने युद्ध की तैयारियों के लिए और आत्मघाती ड्रोन के विकास और उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है। किम ने 24 अगस्त को कई ड्रोनों के प्रदर्शन परीक्षण की निगरानी की थी।

### रतलाम के पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा का तबादला

एजेंसी

**रतलाम।** हिंदू संगठनों की मांग पर रतलाम के पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा का तबादला किया गया है। उन्होंने गणेश जुलूस पर पथराव के बारे में हिंदूवादी संगठनों की शिकायत की जांच की थी। मंगलवार आधी रात के बाद उनका तबादला किया गया। हिंदू संगठनों ने दावा किया था कि मोचीपारा इलाके में एक समुदाय के सदस्यों द्वारा गणेश जुलूस पर पत्थर फेंका गया था। तत्कालीन एसपी लोढ़ा ने कहा कि सीसीटीवी पर इसका कोई सबूत नहीं है, इसलिए पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। हिंदु संगठन पुलिस की कार्रवाई से खुश नहीं थे, वे स्टेशन रोड पुलिस स्टेशन के सामने धरने पर बैठ गए। जब लोढ़ा जांच के लिए मोचीपारा में एक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तब करीब 500 हिंदु संगठन कार्यकताओं ने पुलिस का पीछा किया, एक वाहन में तोड़फोड़ की और पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। पुलिस ने रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सहित 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। लोगों ने दावा किया कि लाठी लगने से एक युवक की मौत भी हो गई है। इसके बाद हिंदू समुदाय ने रतलाम में मौन विरोध मार्च निकाला था हिंदू संगठनों ने पुलिस पर जिम्मेदार लोगों के बजाय शिकायतकताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का आरोप लगाया। समस्त हिंदू समाज-रतलाम ने मंगलवार रात 8.30 बजे कलेक्टर राजेश बाथम को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच और एसपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी।

### ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया पर लगेगा बैन, बच्चों के लिए होगी आयु सीमा तय

एजेंसी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पीएम एंथनी ने कहा कि सरकार 2024 में सोशल मीडिया और अन्य संबंधित डिजिटल प्लेटफार्मों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने का कानून पेश करेगी।पीएम एंथनी ने कहा कि हम जानते हैं कि सोशल मीडिया समाज को नुकसान पहुंचा रहा है। यह बच्चों को दोस्तों और असली अनुभवों से दूर कर रहा है। इस कानून को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार किया जाएगा, लेकिन उनकी प्राथमिकता न्यूनतम आयु 16 वर्ष तय की जाएगी। एक सर्वे के मुताबिक 61 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने 17 साल से कम आयु के लोगों तक सोशल मीडिया की पहुंच को प्रतिबंधित करने का समर्थन किया है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर पीटर मालिनौस्कास ने पूर्व संघीय न्यायाधीश रॉबर्ट फ्रेंच को 14 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करने के लिए कानूनी रास्ते तलाशने का काम सौंपा है। पीएम एंथनी ने कहा कि संघीय सरकार कानून का मसौदा तैयार करते समय रॉबर्ट फ्रेंच की समीक्षा पर विचार करेगी।

### यागी तूफान से मरने वालों की संख्या पहुंची 197

**हनोई।** वियतनाम में आए तूफान यागी से भूस्खलन और बाढ़ से मरने वालों की संख्या अब तक 197 हो गई और 128 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साल एशिया में आए सबसे शक्तिशाली तूफान यागी ने विगत शनिवार को वियतनाम के उत्तरी तट पर दस्तक दी और पश्चिम की ओर बढ़ गया, जिससे राजधानी हनोई में बहुत तेज आंधी चली और भारी बारिश हुई। तूफान ने क्षेत्र की सबसे बड़ी रेड नदी के किनारे के अन्य प्रांतों को भी नुकसान पहुंचाया । तूफान के कारण एक पुल ढह गया।

### चंद्रवंशी सहित अति पिछडों की हो रहे हत्या के खिलाफ एक दिवसीय धरना

**पटना ।** गर्दनी बाग पटना में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा एवं राष्ट्रीय अतिपिछड़ा वर्ग महासभा की ओर से बिहार में चंद्रवंशी सहित अति पिछडों की हो रहे हत्या के खिलाफ एक दिवसीय धरना में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों से हमारी प्रमुख मागे।हत्यारों को स्पीड ट्रायल चला फांसी दो। पीडित परिवार को आर्थिक मुआवजा 10 लाख रू. एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी । आबादी के हिसाब से अतिपिछड़ी जाति को सभी संवैधानिक पदों पर एवं निजी क्षेत्रों में आरक्षण मिलें। अतिपिछड़ी जातियों का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृति एवं राजनैतिक उत्थान का उपाय राज्य सरकारें एवं केन्द्र सरकार करे।अतिपिछडे जातियों की आबादी 36.01 प्रतिशत बिहार में है। अतः सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृति के सहित सभी संवैधानिक पदों पर 36.01 प्रतिशत आरक्षण लागू कर लाभ दिलाया जाए।बिहार राज्य की तर्ज पर केन्द्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारें, पिछड़ों में अति पिछड़ों को चिन्हित कर अति पिछड़ा वर्ग का गठन करे एवं केन्द्र व राज्य सरकारें अतिपिछड़ा वर्ग आयोग गठन कर सवैधानिक दर्जा दें। अतिपिछड़ी जाति के किसी व्यक्ति की हत्या होने पर रउ की तरह आर्थिक मुआवजा एवं परिवार के किसी व्यक्ति को सरकारी नौकरी मिले। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारें विभिन्न सरकारी योजनाओं ईबीसी का कोटा अलग से निघारित करें एवं अनुदान वाली योजनाओं में अनुदान का प्रतिशत SC/ST के समान तय करें। 18 सभी बोर्ड निगमों, समितियों सहित ठेका, पट्टा आदि में एइउ का कोटा आबादी के हिसाब से केन्द्र एवं राज्य सरकारें तय करें। सभी राज्य सरकारें ईबीसीजातियों को चिन्हित कर जल्द ही बिहार की तर्ज पर अत्यंत पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करें। राज्य सरकार (बिहार) द्वारा 14 जातियों को अनुशंसित कर रउ में शामिल करने लिए केन्द्र सरकार के पास भेजा गया था, जिसे केन्द्र सरकार जल्द रउ में शामिल कराने के लिए पुनः राज्य सरकार केन्द्र को अनुशंसा पत्र भेजे। बैकलॉग के द्वारा खाली परे सभी आरक्षित सीटों को केन्द्र व राज्य सरकारें जल्द भरें। चयन की प्रक्रिया में आरक्षित कोटे के अभ्यर्थी अगर मेधा सूची में सामान्य कोटे में आते हैं तो उन्हें आरक्षित कोटे में लेना बंद करें। बिहार पंचायत चुनाव में महिलाओं को मिले आरक्षण की तर्ज पर विधान सभा, विधान परिषद्, लोक सभा, राज्य सभा में आरक्षण की तर्ज पर विधान सभा, विधान परिषद्, लोक सभा, राज्य सभा में आरक्षण मिलें। एमपीएसको कानूनी रूप से दिया जाय। गैर-रैयत कृषकों को भी सभी सरकारी योजनाओं एवं अनुदानों का लाभ मिलें। पैक्स के एकल पदों पर भी पंचायतों के तर्ज पर आरक्षण लागू हो।

# जजों के चुनाव मामले में जनता सड़कों पर उतरी



एजेंसी

**मैक्सिको सिटी।** दुनियां में न्यायपालिका को लेकर नए तरह के प्रयोग करने का दौर चल निकला है। ऐसे में बताया जा रहा है कि मैक्सिको दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया, जहां जजों को आम जनता वोटिंग के जरिए चुन सकेगी। वैसे जजों के चुनाव से जुड़े प्रस्ताव को लेकर अब जनता सड़कों पर उतर आई है और इसका विरोध करते हुए प्रदर्शनकारी सीनेट में जो घुसे और तोड़फोड़ की है। मैक्सिको में जजों के चुनाव वाले बिल का भारी विरोध हुआ और इसी विरोध के बीच संसद में इसे पारित कर दिया गया। सरकार का यह फैसला अब खुद उसके लिए गले की फांस बनता दिख रहा है। जानकारी अनुसार मैक्सिको की सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की ओर से संसद में पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में 86 जबकि विरोध में 41 वोट पड़े थे, जिसके बाद प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इस प्रस्ताव के विरोध में अब आमजन सड़कों पर उतरा है और प्रदर्शन करते हुए सीनेट में घु स गए और तोड़फोड़ की है। प्रदर्शन करने वालों में लॉ स्टूडेंट्स से लेकर कोर्ट कर्मचारी भी शामिल हैं। बताया जाता है कि जजों का चुनाव करने वाला विधेयक पारित कराने में राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की अहम भूमिका रही है। लोपेज का कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म होने जा रहा है और वो अपने कार्यकाल के दौरान ही इसे पारित कराना चाह रहे थे। इस कारण आनन-फानन में प्रस्ताव लाया गया और पास करवा लिया गया।

### गाजा में इजराइली हमला, 34 की मौत

**गाजा ।** मध्य गाजा में संयुक्त राष्ट्र के एक स्कूल और दो घरों पर इजराइली हवाई हमले में 19 महिलाओं और बच्चों सहित करीब 34 लोग मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। स्कूल में विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने नुसेरात शरणार्थी शिविर स्थित स्कूल के अंदर से हमले की योजना बना रहे हमास के चरमपंथियों को निशाना बनाया। गाजा में युद्ध अब 11वें महीने में प्रवेश कर चुका है, जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल और हमास उग्रवादी समूह के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयास बार-बार बाधित होते रहे हैं।

### निलंबित आईएएस पूजा खेडकर को हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर को नोटिस जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने गलत प्रस्तुतियां दी हैं। हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व परिवीक्षाधीन आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर से यूपीएससी की याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उनके खिलाफ कोर्ट में गलत बयान और हलफनामा देने के लिए झूठी गवाही की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। यूपीएससी ने तर्क दिया कि 31 जुलाई को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द की गई थी, उसी दिन उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल-आईडी पर सूचित किया गया था। इसने कहा कि यह वही ईमेल आईडी थी, जो सीएसपी 2022 के लिए उनके ऑनलाइन आवेदन में पंजीकृत थी।



उन्होंने कोर्ट में झूठा बयान दिया कि उन्हें आदेश नहीं दिया गया है और उन्हें यूपीएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए से इसकी जानकारी मिली है, यह दावा किया गया। यूपीएससी की और से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक ने कहा कि पूजा खेडकर ने अपने वकीलों को भी गलत जानकारी दी और वह अच्छी तरह से जानती थी कि वह शपथ पर झूठा बयान दे रही है, फिर भी उसने जानबूझकर झूठे बयान की सत्यता की शपथ ली। वकील कौशिक ने दायर आवेदन में कहा कि अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के उद्देश्य से शपथ पर गलत बयान देना एक बहुत ही गंभीर अपराध है, जो कानूनी व्यवस्था की नींव को कमजोर करता है। इसमें दावा किया गया कि खेडकर का हलफनामा 28 जुलाई, 2024 का था, जब यूपीएससी द्वारा जारी 31 जुलाई का आदेश अस्तित्व में भी नहीं था। यूपीएससी ने अदालत से उचित कार्यवाही शुरू करने और झूठी गवाही देने के अपराध के लिए कानून के मुताबिक खेडकर के खिलाफ जांच का निर्देश देने का आग्रह किया है। खेडकर ने पहले यूपीएससी की प्रेस विज्ञप्ति को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# अमेरिकी युवाओं के लिए घातक बना चीन का धीमा जहर

- अब तक दो सौ की हुई मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक नई महामारी विकसित हो रही है। इसका नाम है ड्रग्स। यानी वो धीमा जहर जिसकी चपेट में युवा जल्दी आते हैं। अमेरिका में ड्रग्स में चपेट में आने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महामारी मुख्य रूप से फेंटेनाइल और अन्य ओपिओइड के कारण है। यह पदार्थ हर हफ्ते 1,500 से अधिक अमेरिकियों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है, ये पूरे देश में घातक ओवरडोज का मुख्य कारण बन गए हैं। अब तक करीब दो सौ लोगों की मौत हो चुकी है। इस आपूर्ति श्रृंखला में चीन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो घातक फेंटेनाइल को संयुक्त राज्य अमेरिका में लाता है। भले ही दोनों देश प्रशांत महासागर के विशाल विस्तार से अलग हों। हेरिटेज फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीनी रासायनिक कंपनियां मैक्सिकन कार्टेल को फेंटेनाइल के उत्पादन के लिए आवश्यक कंपनियों की आपूर्ति कर रही है, जिसे बाद में अमेरिकी सीमा के पार तस्करी कर लाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार हाल के सालों में वैध फेंटेनाइल, एक अत्यधिक शक्तिशाली सिंथेटिक ओपिओइड, इस ड्रग्स महामारी का चेहरा बन गया है। अवैध फेंटेनाइल की आपूर्ति मुख्य रूप से चीन और मैक्सिको में की जाती है और फिर संयुक्त राज्य अमेरिका में तस्करी की जाती है। अमेरिका में फेंटेनाइल संकट के कारण 2023 में 108,000 से अधिक ओवरडोज से मौतें हुई हैं।



इस महामारी से हो रही मौत के पीछे मिले सबूत में चीन और मैक्सिको दोनों की प्रत्यक्ष भागीदारी देखने को मिली है। ड्रग की घातकता और इसके उत्पादन और वितरण में आसानी ने इसके प्रभाव को और बढ़ा दिया है, हर दिन लगभग 200 अमेरिकी फेंटेनाइल ओवरडोज से मर रहे हैं। फेंटेनाइल संकट एक जटिल वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का परिणाम है, जो चीन के बायोफार्मास्युटिकल उद्योगों को मैक्सिकन ड्रग कार्टेल और अंततः अमेरिकी संपर्क से जोड़ता। चीनी कंपनियां फेंटेनाइल प्रीकर्सर रसायनों का उत्पादन और निर्यात करती हैं, जिन्हें बाद में मैक्सिको भेजा जाता है। वहां, कार्टेल रसायनों को फेंटेनाइल में तब्दील करते हैं और तैयार उत्पाद को संयुक्त राज्य अमेरिका में तस्करी करते हैं। एक भू-राजनीतिक विरोधी और दूसरा संगठित अपराध से त्रस्त राष्ट्र ह्न एक सार्वजनिक स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा संकट को बढ़ावा दे रहा है जिसे नियंत्रित करना अमेरिका के लिए मुश्किल साबित हुआ है।। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, फेंटेनाइल अब अमेरिका के सामने अब तक का सबसे घातक ड्रग खतरा है। 2023 में दर्ज की गई 108,000 ओवरडोज मौतों में से 75,000 से ज्यादा मौतों के लिए फेंटेनाइल जैसे सिंथेटिक ओपिओइड ज़िम्मेदार थे।

### चार कार, दो करोड़ रुपए की अचल संपति की मालकिन हैं विनेश फोगाट

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट ने जींद जिले की जुलाना सीट से नामांकन भर दिया है। विनेश ने नामांकन भरते वक्त अपने हलफनामे में अपनी संपत्ति का ब्यौरा दिया है। विनेश के पास तीन चार पहिया वाहन हैं। इनमें से एक का वह लोन भी चुका रही हैं। विनेश के पास 35 लाख रुपए की कीमत वाली वोल्वो एक्ससी 60, ह्युंडई क्रेटा (12 लाख) और टोयोटा इनोवा (17 लाख) है। इसके अलावा एक स्कूटी भी है। फोगाट इनोवा गाड़ी का 13 लाख रुपए लोन चुकता कर रही हैं। विनेश के पास दो करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है, जिसमें सोनीपत में एक प्लॉट भी शामिल है। विनेश



ने बताया कि उनके पति सोमवीर राठी के पास 19 लाख रुपए की महिंद्रा स्कॉर्पियो है। उनके पति की कमाई 3 लाख 44 हजार दिखाई गई है। इसके अलावा विनेश के पास ज्वेलरी, निवेश, कैश और बैंक जमा को मिलाकर कुल एक करोड़ 10 लाख रुपये हैं। चुनावी शपथ पत्र में विनेश के मुताबिक उनके पास 35 ग्राम गोल्ड है। बाजार में इसकी कीमत तकरीनब 2 लाख 24 हजार रुपये है। इसके अलावा उनके पास 50 ग्राम चांदी है, जिसकी बाजार में वैल्यू लगभग चार हजार रुपये है।



# केमिकल्स से पके फलों की कैसे करें पहचान?

दूध और हरी सब्जियों के अलावा फल भी हमारी सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं। सेब, अनार, केला, संतरा और पपीता ऐसे फल हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अगर आप सप्ताह में दो दिन किसी भी फल का सेवन करते हैं, तो आप बीमारियों से बचे रहने के साथ आपकी इम्युनिटी भी बढ़ती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि नेचुरल तरीके से पके फल ही आपकी सेहत के लिए अच्छे होते हैं। केमिकल में पकाए हुए फल आपके लिए बहुत हानिकारक होते हैं। ऐसे में आपको पहचान होनी चाहिए कि जो फल आप खा रहे हैं, कहीं वे किसी केमिकल में तो नहीं पकाए गए हैं।

## केमिकल्स से पके फलों की ऐसे करें पहचान

- केमिकल्स से पके फलों को पहचानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आपको उस फल पर हरे पैचेज देखने को मिलेंगे। जिस हिस्से पर केमिकल लगा होगा, वे पीला रहेगा बाकी बीच-बीच में हरा दिखाई देगा, जबकि प्राकृतिक रूप से पके हुए फल में हरे-पीले रंग के कोई पैचेज नहीं दिखाई देंगे।
- केमिकल से पकाए हुए आम को काटने पर वे अंदर से कहीं पर पीला तो कहीं पर सफेद रंग का नजर आएगा। जबकि पेड़ पर प्राकृतिक रूप से पका हुआ फल पूरी तरह पीला नजर आता है।
- केमिकल से पके हुए फल का छिलका ज्यादा पका हुआ होगा लेकिन अंदर से इसमें कच्चापन हो सकता है।
- केमिकलयुक्त फल खाने पर मुंह का स्वाद कसैला हो जाता है और मुंह में हल्की जलन भी होने लगती है। इसके अलावा कई बार ऐसे फल खाने के कुछ देर बाद पेट दर्द या उल्टी की समस्या या डायरिया की शिकायत भी हो सकती है।

## रखें सावधानियां

- आपको बाजार से लाकर फल को और भी अच्छी तरह धो लेना चाहिए। फल खरीदकर लाने के तुरंत बाद उसे पानी से अच्छी तरह धो लें।
- खाने से पहले आम को गुनगुने पानी में कम से कम 5 मिनट के लिए भिगोकर जरूर रखें। उसके बाद उन्हें दोबारा दूसरे पानी से धोकर ही खाएं।





# ड्योडरेंट-परफ्यूम को ऐसे सूंघने से काम करना बंद कर देगा दिल
# मजे में जा सकती है जान

शरीर की पांच इंद्रियों में से एक सूंघने की शक्ति है। कुछ चीजों की गंध नाक और दिमाग को बहुत पसंद आती है। फूल, गीली मिट्टी से शुरू होकर यह ड्योडरेंट, परफ्यूम, पेंट, नेल पेंट रिमूवर, पेट्रोल, मिट्टी का तेल तक जा सकती है। मगर क्या आप जानते हैं कि ड्योडरेंट, परफ्यूम, जैसे केमिकल व गैस वाली चीजों को सूंघने से कार्डियक अरेस्ट पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक डॉनकेस्टर में रहने वाले 12 साल के लड़के को कथित तौर पर पसीना रोकने वाला ड्योडरेंट सूंघना भारी पड़ गया। वह सोशल मीडिया पर चल रहा ट्रेंड फॉलो कर रहा था, जिसमें ड्योडरेंट की कैन से पदार्थ सीधा सूंघना था। इंटरनेट पर चल रहे इस ट्रेंड को काफी फैन्सी नाम दिया गया है। इस ट्रेंडल को क्रोमिंग कहते हैं। इसमें ड्योडरेंट, हेयरस्प्रे, नेल पेंट रिमूवर, पेट्रोल आदि को सूंघना होता है। इस इंटरनेट स्लैंग का जन्म ऑस्ट्रेलिया में माना जाता है। जिसका शरीर पर खतरनाक असर हो सकता है और जान जा सकती है।

## लड़के को आया कार्डियक अरेस्ट

रिपोर्ट में पीड़ित की मां ने बताया कि पदार्थ सूंघने के बाद उसे जमीन पर दौरे आ रहे थे। उसे तुरंत सीपीआर दिया गया और एंबुलेंस को बुलाया गया। अस्पताल में पहुंचकर और दौरे पड़े और कोमा की स्थिति में पहुंच गया। डॉक्टर अभी भी उसके इलाज में लगे हुए हैं।

## क्रोमिंग कैसे करते हैं?


द रॉयल चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल मेलबर्न के मुताबिक क्रोमिंग का असली मतलब क्रोम-बेस्ड पेंट को सूंघना था। मगर समय के साथ यह बदल गया है और इसमें नशा करने के लिए खतरनाक चीजों का इस्तेमाल करना भी जुड़ गया है। इसमें लोग कपड़े पर पदार्थ डालकर या सीधा कंटेनर से उसे भारी मात्रा में सूंघते हैं।

## इन चीजों से होती है क्रोमिंग

- पेट्रोल या मिट्टी का तेल या उससे बनी चीजें
- पेंट थिनर, स्प्रे पेंट, परमानेंट मार्कर
- नेल पोलिश रिमूवर
- हेयरस्प्रे, ड्योडरेंट, लाइटर फ्लूइड, आदि
- क्रोमिंग का खतरनाक असर
- क्रोमिंग का खतरनाक असर
- सिरदर्द, चक्कर आना
- धड़कन तेज होना, टैकिडाइस्रिदमिया
- दौरे पड़ना
- डिस्पोनिया
- डिमेंशिया, एटेक्सिया
- कार्डियक अरेस्ट, आदि

## कैसे पड़ता है कार्डियक अरेस्ट का अटैक

कार्डियक अरेस्ट दिल से जुड़ा अटैक है। इसमें दिल अचानक से धड़कना बंद कर देता है। इसकी वजह से दिमाग को ताजा और ऑक्सीजन से भरपूर खून नहीं मिला पाता और बेहोशी या मौत हो सकती है। इस स्थिति में मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।



# खानपान के माध्यम से आसानी से बढ़ाएं प्लेटलेट्स

**एक स्वस्थ शरीर की निशानी है शरीर में प्लेटलेट्स की सही मात्रा होना एवं उनका सही तरीके से काम करना। लेकिन प्लेटलेट्स की कमी होने का नुकसान आपके शरीर एवं स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता है। अपने खानपान के माध्यम से आप आसानी से प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा कर सकते हैं।**

- प्रोटीन, विटामिन ए, सी, के, फोलेट, जिंक, फोलिक एसिड, सेलेनियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना, प्लेटलेट्स में वृद्धि करने में कारगर उपाय साबित होगा।
- अपनी डाइट में दही, आंवला, लहसुन, ग्रीन टी के साथ ही नारियल पानी और अनार, पपीता, सेब, चुकंदर जैसे फलों को भी शामिल करें साथ ही पपीते के पत्तों का रस पीना भी एक लाभप्रद उपाय है।
- रोजाना एलोवेरा का सेवन भी इसके लिए फायदेमंद है। 20 से 25 ग्राम की मात्रा में प्रतिदिन एलोवेरा का गुदा खाएं या फिर इसका जूस बनाकर पिएं।
- व्हीटग्रास यानि ज्वारों का उपयोग भी प्लेटलेट्स को बढ़ाने में काफी मददगार है। रोजाना सुबह खाली पेट ज्वारे का रस निकालकर पीने से धीरे-धरे प्लेटलेट्स की संख्या में इजॉफा होगा।
- गिलोय का प्रयोग भी इसके लिए एक रामबाण उपाय है। गिलोय को तुलसी के साथ मिलाकर दोनों को अच्छी तरह उबालें और काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े का रोजाना प्रयोग लाभदायक होगा।

आम तौर पर खून की कमी को एनीमिया के रूप में देखा जाता है। आयरन की कमी होना भी इसका एक प्रमुख कारण है। छोटे बच्चों, महिला खिलाड़ियों, सर्जरी या एक्सीडेंट के मरीजों में एनीमिया का खतरा अधिक होता है। वहीं महिलाओं में माहवारी के दौरान होने वाले रक्तस्त्राव एवं गर्भावस्था के कारण यह समस्या हो सकती है।

## रक्ताल्पता से बचने के आसान टिप्स

- एनीमिया की समस्या से बचने के लिए, रेड मीट, सी-फूड और अंडा फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप शाकाहारी हैं, तो सोयाबीन, मटर, सूखे मेवे और एप्रिकॉट आपके लिए बेहतर विकल्प है।
- ताजी हरी सब्जियों के साथ मक्का और अलग-अलग तरह की दालों को अपने भोजन में शामिल करें। इससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होगी, जो एनीमिया का प्रमुख कारण है।
- नाश्ते और खाने में फलों को शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी, शरीर में आयरन को सोखने में एवं उसकी क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।
- चाय या कॉफी को ज्यादा कड़क करके न पिएं, इससे शरीर को आयरन को सोखने में कठिनाई होती है ।
- बगैर डॉक्टर की सलाह के, आयरन की गोलियों का सेवन बिल्कुल न करें। खून की जांच और डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही इनका सेवन करें, क्योंकि शरीर में आयरन की अधिकता आपके लिए मुसीबत बन सकता है।





# स्किन एलर्जी से परेशान लोग
## अपनाएं ये घरेलू उपाय

घरेलू उपचार हमेशा से ही भारतीय घरों का हिस्सा रहे हैं। यदि पेट में दर्द हो या फिर कहीं चोट-खरोंच लग गई हो, घर वाले डॉक्टर के जाने से पहले घरेलू नुस्खे आजमाने की नसीहत देंगे। इन घरेलू उपचारों में काफी दम होता है, इसलिए यह स्किन में होने वाली छोटी-मोटी एलर्जी को भी ठीक कर सकते हैं। स्किन एलर्जी आज-कल हर किसी के लिए समस्या बनी हुई है। कभी किसी खाने के चलते तो कभी किसी क्रीम या कॉस्मेटिक के चलते स्किन पर रैशेज, पिंपल और खुजली की समस्या होने लगती है, जो कई बार चेहरे और शरीर पर कई तरह के निशान भी छोड़ जाती है। स्किन एलर्जी फूड एलर्जी से काफी अलग होती है और काफी परेशान भी करती है। स्किन एलर्जी में कई बार शरीर में दाने, या फिर हल्के लाल धब्बे आने लगते हैं। स्किन एलर्जी खासकर तब होती है, जब कोई इरिटेंट या फिर एलर्जी आपकी त्वचा के संपर्क में आती है और आपका इम्यून सिस्टम उन्हें रोकने के लिए एंटीबॉडी रिलीज करती है। कई बार यह एलर्जी सामान्य तो कभी गंभीर हो सकती है। अगर आप भी त्वचा की एलर्जी के लक्षण खुद में नजर आ रहे हैं, तो तुरंत राहत पाने के लिए आप इन घरेलू उपायों को अपना सकते हैं-

### नारियल का तेल

नारियल का तेल स्किनकेयर के लिए सबसे बेहतरीन तेल है। इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं जो एलर्जी होने की स्थिति में यह त्वचा को सुरक्षित करता है। यही नहीं, नारियल का तेल एलर्जी के कारण होने वाली खुजली को भी कम करता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में थोड़ा सा नारियल तेल लें और इसे 5 सेकेंड के लिए थोड़ा गर्म करें। फिर इस गर्म तेल को उस जगह पर लगाएं, जहां आपको एलर्जी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। याद रहे इसे एलर्जी वाले जगह पर लगाकर छोड़ दें, मालिश न करें। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें। आप नारियल तेल का इस्तेमाल 3-4 घंटों के बाद फिर कर सकते हैं। इससे स्किन एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।

### एप्पल साइडर विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर को सामान्य तौर पर लोग वजन कम करने और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए करते हैं। लेकिन, यह सिर्फ वजन कम करने या डायजेशन को ठीक करने में ही नहीं, बल्कि शानदार स्किनकेयर एजेंट भी है। इसमें एसिटिक एसिड होता है जो त्वचा में होने वाली खुजली और एलर्जी के प्रभाव को कम ककरात है। हालांकि, सेंसेटिव स्किन पर इसके इस्तेमाल की सलाह नहीं दी जाती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कप गर्म पानी में एक टेबलस्पून एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। अब कॉटन की हेल्प से इस मिश्रण को इफेक्टिव एरिया में लगाएं। अब इसे सूखा होने के लिए छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। स्किन एलर्जी से छुटकारा पाने के लिए दिन में कम से कम दो बार ऐसा कर सकते हैं।



# आंखों में ताजगी भरकर शरीर को बनाएं एनर्जेटिक

**लंबे समय तक काम करने, मोबाइल पर व्यस्त रहने या टीवी देखने के कारण भी आंखों में थकान हो जाती है। इस कारण पूरे चेहरे का नूर गायब हो जाता है। साथ ही आप मानसिक रूप से भी थका हुआ अनुभव करने लगते हैं। यहां बताए गए तरीकों से आंखों में ताजगी भरकर आप पूरे शरीर को एनर्जेटिक बना सकते हैं.**

आपके शरीर पर थकान का सबसे पहला असर आपकी आंखों पर दिखता है। आंखें इतनी अधिक संवेदनशील होती हैं कि आप शारीरिक और मानसिक तौर पर कैसा अनुभव कर रहे हैं, इसकी साफ-साफ झलक आपकी आंखों में देखी जा सकती है। थकान होने पर आंखों के चारों तरफ काले घेरे अधिक डार्क हो जाते हैं और आंखों की चमक फीकी पड़ जाती है। यहां जानें इस स्थिति में किस तरह आंखों में तुरंत चमक बढ़ाई जा सकती है और थकान को दूर किया जा सकता है.

## आंखों की थकान दूर करने का सबसे आसान तरीका

- बोझिल आंखों में नई जान फूंककर फिर से चमक बढ़ानी है तो अपने दोनों हाथों की हथेलियों को आपस में रगड़ें।
- थेली रगड़ने की शुरुआत धीमी गति से करें और फिर धीरे-धीरे स्पीड बढ़ा दें। जब हथेलियां पूरी तरह गर्माहट देने लगें तो धीमी गति के साथ ही इन्हें रगड़ना बंद करें और अपनी आंखों पर 30 सेकंड्स के लिए रख लें।
- एक समय पर आप दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं आपको बहुत अधिक लाभ मिलेगा। क्योंकि हथेलियों को रगड़ने से एक्युप्रेशर पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।
- हथेलियों की गर्माहट से आंखों का तनाव कम होता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने से स्फूर्ति आती है।

## आंखों की थकान दूर करने का तरीका

### आंखों को ठंडे पानी से धोएं

- आंखों की थकान दूर करने का दूसरा आसान तरीका है कि आप अपनी आंखों को ठंडे पानी से धुलें। इसके लिए फ्रिज का पानी और सामान्य पानी को आधा-आधा मिला लें। अब इस पानी से आंखों पर छींटे दें। आपको तुरंत ताजगी का अनुभव होगा।

### ठंडे दूध का उपयोग

- फ्रिज में रखे हुए दूध को दो चम्मच निकाल लें। अब इस दूध में रुई को भिगोकर दोनों आंखों पर रख लें। करीब 3 से 4 मिनट के लिए रूई को आंखों पर रखने के बाद इसे हटा दें और आखों को ताजे पानी से साफ कर लें। आप एक नई ऊर्जा का संचार अपने अंदर अनुभव करेंगे।

### बर्फ से सेक करें

- आंखों के नीचे की सूजन कम करने, डार्क सर्कल का असर हटाने और थकान मिटाने के लिए आप आइस क्यूब्स का उपयोग करें।
- फ्रिज से आइसक्यूब निकालें उसे हल्का-सा धुल लें। इसके बाद कॉटन के साफ रुमाल में लपेटकर आंखों की सिकाई करें। बस 2 से 3 मिनट की सिकाई काफी है और आपकी आंखों में ताजगी नजर आएगी।



# 14 साल के लंबे ब्रेक को खुद के लिए वरदान मानते हैं फरदीन, रितेश के साथ अपने बॉन्ड को बताया मजबूत

रितेश देशमुख हिंदी और मराठी फिल्मों के जाने-माने कलाकार हैं। बॉलीवुड फिल्मों में वह ज्यादातर बार कॉमेडी करते दिखे हैं, जिसमें उन्हें काफी पसंद भी किया गया है। अभिनेता ने लंबे समय के बाद फरदीन खान के साथ विस्फोट में स्क्रीन स्पेस साझा किया था । हे बेबी के बाद दोनों अभिनेताओं को साथ देखना दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं था। फिल्म 23 फरवरी 2022 में रिलीज हुई थी। अब हाल ही में, फरदीन ने एक बार फिर रितेश के साथ काम करने के अपने अनुभव का खुलासा किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है।

## रितेश के साथ फरदीन ने साझा किया अपना रिश्ता

हाल ही में, एक इंटरव्यू में फरदीन ने एक बार फिर रितेश के साथ काम करने को लेकर कहा, रितेश के साथ काम करना और भूमिका को निभा पाना बहुत आसान हो जाता है, क्योंकि हमारे बीच विश्वास और एक-दूसरे के लिए सम्मान है। मैं रितेश को बहुत अच्छे से जानता हूं। मुझे लगता है कि हम दोनों को ही अपनी इंडस्ट्री का अनुभव भी है इसलिए हमारे लिए किसी भी भूमिका को निभाना आसान हो जाता है।

## हीरामंडी करने पर बोले फरदीन

संजय लीला भंसाली की हीरामंडी के साथ फरदीन ने 14 साल बाद स्क्रीन पर कमबैक किया था। छोटे रोल से ही फरदीन ने फैंस की खूब प्रशंसा बटोरी थी। हालांकि, यह सीरीज फरदीन के प्लान का हिस्सा नहीं थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए फरदीन ने कहा, कभी-कभी जैसा हो रहा है, उस पर भरोसा कर के आगे बढ़ना चाहिए।

## 14 साल के ब्रेक को बताया वरदान

लंबे ब्रेक के बाद बॉलीवुड में कमबैक करने को फरदीन वरदान मानते हैं। अभिनेता ने कहा, वापसी करने पर काफी अच्छा लग रहा है। इसके बाद जो भी रोल ऑफर किए जाएंगे, उसे लेकर वह सजगता से चुन पाएंगे। इसके साथ ही अभिनेता ने यह भी खुलासा किया कि हीरामंडी सीरीज की शुरुआत से ही उन्हें मालूम था कि उनके सीरीज में 9 सीन ही हैं। बता दें कि फिल्म विस्फोट की स्ट्रीमिंग ओटीटी पर 6 सितंबर 2024 से हो रही है।



# फिल्म इंडस्ट्री के तौर तरीके नहीं समझ पाई तो डिप्रेशन में चली गई थी

**अंजलि पाटिल ने बॉलीवुड में 'डेल्ही इन ए डे', 'चक्रव्यूह', 'न्यूटन', 'श्री', 'मिर्ज्या', 'मल्हार' आदि फिल्मों से लेकर तमिल, तेलुगु, मराठी आदि भाषा की फिल्में भी की हैं। मनोरंजन जगत से दूर-दूर तक नाता न होने के कारण अंजलि यहां के सिस्टम को समझ न सकीं और डिप्रेशन का शिकार भी रहीं। इतना ही नहीं, वे यहां रंग-रूप का भेदभाव भी झेल चुकी हैं।**

मैं इंडस्ट्री में आई, तब पांच-छह साल इंडस्ट्री को समझने में ही लग गए। थैंकफुली, मेरी पहली फिल्म 'डेल्ही इन ए डे' आई, तब यह फिल्म फेस्टिवल में बहुत चली। मैंने अर्जुन रामपाल, अभय देओल के साथ 'चक्रव्यूह' की, यह एकदम कमर्शियल फिल्म थी।

'चक्रव्यूह' के बाद वाला समय मेरे लिए बहुत ही अकेला, दुखद था, क्योंकि मैं इंडस्ट्री के तौर-तरीके और जो लाइफ स्टाइल पोर्ट्रे करनी होती है, उसे समझ नहीं पा रही थी। शायद इससे भी मैं बहुत ज्यादा डिप्रेशन में चली गई। उसी दौरान मेरी तेलुगु फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड डिक्लेयर हुआ। तभी मुझे श्रीलंकन फिल्म के लिए इफ्फी का बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिला। लेकिन यह सारी चीजें एक तरफ थीं और बॉलीवुड में हीरोइन बनने की ट्रेनिंग एक तरफ थी, जो किसी ने दी नहीं थी। इसके बाद तो कई साल तक डिप्रेशन में चली गई, क्योंकि मैं कलाकार हूं और कला दिखाने के लिए आई हूं। यह सब मुझसे नहीं हो पा रहा था।

## मुझे लोअर मिडिल क्लास लड़कियों के रोल ही ऑफर होते थे

शुरुआती दिनों में ऑडिशन देना और रोल पाना बड़ा मुश्किल था। अब जाकर लोग कहते हैं कि तुम कितनी खूबसूरत हो, मगर 8-10 साल पहले मेरे कलर को इतना पसंद नहीं करते हैं। मुझे गांव की लड़की, चॉल की लड़की, आदिवासी लड़की या लो-मिडिल क्लास लड़कियों के रोल ही ऑफर होते थे। उससे भी मुझे बहुत दिक्कत होती थी कि क्या मेरा रंग डिसाइड करेगा कि मैं अमीर दिख पा रही हूं या नहीं। ऑडिशन में मुझे एक ही प्रकार के रोल के लिए बुलाया जाता था, तब उससे निकलने में समय लगता था। एक पॉइंट के बाद मैंने ऑडिशन देना बंद कर दिया, क्योंकि चीजों को बहुत पर्सनली ले रही थी। ।

## मेरे साथ कॉम्प्रोमाइज करने की बातें नहीं हुई

कॉम्प्रोमाइज करने की बात कहने वाले लोग आसपास बहुत होते हैं, मगर लोगों ने मुझे उस तरह से कभी अप्रोच नहीं किया। नसीब से ऐसी कोई घटना मेरे साथ घटी नहीं। लेकिन मुझे पता है कि मैंने शायद बहुत सारा काम इसलिए गंवाया है, क्योंकि बहुत सारे लोगों को बिल्कुल एंटरटेन नहीं किया है।

## पिछले 18 महीने से नॉन स्टॉप शूटिंग कर रही हूं

मैं पिछले 18 महीने से नॉन स्टॉप शूटिंग कर रही हूं, जो बहुत ही अच्छी बात है। अभी लखनऊ से फिल्म 'जागृति' की शूटिंग करके आई हूं। इसमें लॉयर का किरदार निभा रही हूं। इसके बाद सुदीप्तो सेन निर्मित फिल्म की शूटिंग करने वेस्ट बंगाल पुरुलिया जाऊंगी। शार्ट फिल्म 'नाम' का निर्माण और उसमें अभिनय भी किया है। यह कई सारी फेस्टिवल में दिखाई जा रही है। अभी एक मराठी शॉर्ट फिल्म 'बेनी ब्रेड' का टोकियो में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ है।



# मासूम चेहरा, उदार दिल और हिट फिल्मों की मालकिन हैं श्रिया सरन

अभिनेत्री श्रिया सरन ने टॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक हिट और दमदार फिल्में दी हैं। अपनी खूबसूरती, मासूमियत और शानदार अदाकारी के चलते उन्होंने अभिनय की दुनिया में एक अमिट छाप छोड़ी है। श्रिया ना सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि वह एक उदार और बड़ा दिल भी रखती हैं। आज खूबसूरत अभिनेत्री अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। आइए उनके जन्मदिन के अवसर पर उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें जानते हैं। श्रिया सरन का जन्म 11 सितंबर 1982 को उत्तराखंड के हरिद्वार में हुआ। श्रिया की पढ़ाई लिखाई दिल्ली में हुई। दरअसल, उनके पिता भेल में काम करते थे और उनकी मां स्कूल में पढ़ाती थी। श्रिया की डांस में भी काफी रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने डांस क्लास भी ज्वाइन की और कॉलेज के दिनों में वह डांस प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेती थीं।

डांस ने ही श्रिया को अभिनय की दुनिया तक ले जाने में मदद की। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते-लेते श्रिया को रेणु नाथन के म्यूजिक एल्बम 'थिरकती क्यूं हवा में' काम करने का अवसर मिला। इसी दौरान उन्हें रामोजी फिल्म्स की फिल्म 'इष्टम' मिल गई और अभिनय की दुनिया में उनकी गाड़ी चल पड़ी, जिसके बाद उन्होंने दोबारा मुड़कर पीछे नहीं देखा। हालांकि, उन्होंने शोहरत का असली स्वाद तब चखा जब वह रजनीकांत के साथ फिल्म 'शिवाजी द बॉस' में नजर आईं। श्रिया ने साल 2003 में 'तुझे मेरी कसम' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। श्रिया सरन को आर माधवन की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' का भी ऑफर मिला था। इस फिल्म के एक सीन में उन्हें आर माधव की आंखों में देखकर 'आई लव यू' बोलना था कई बार कोशिश करने के बाद भी वह ऐसा नहीं कर पाईं, जिसके चलते उनके हाथ से यह फिल्म निकल गई। एक पुराने साक्षात्कार में श्रिया ने साझा किया था कि लंबे समय तक वह अपनी पॉकेट मनी बचाकर रखती थीं और उन्हें ले जा कर ब्लाइंड स्कूल में दान दे दिया था। यह घटना बताती है कि श्रिया कितनी उदार दिल की हैं।

# डेटिंग की अफवाहों के बीच ईशान खट्टर ने शादी पर दिया बयान



ईशान खट्टर द परफेक्ट कपल सीरीज में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोर रहे हैं। ईशान अपनी लव लाइफ को लेकर काफी निजी रहे हैं। हालांकि, इस बार अभिनेता प्यार और रिश्तों पर अपने निजी विचार साझा करते नजर आए हैं। ईशान ने कहा, मैं एक परिवार, बच्चे पैदा करने के बारे में भी सोचता हूं। ईशान ने जोड़ा मैं वैसे ही सरल हूं, मैं शादी को एक ही बार करना चाहूंगा। कथित तौर पर ईशान खट्टर, मलेशियन मॉडल चांदनी बेंज को डेट कर रहे हैं।

# बर्लिन की रिलीज से पहले सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे अपारशक्ति खुराना



पूरे देश में गणेश चतुर्थी की धूम देखने को मिल रही है। आम लोगों के साथ-साथ मनोरंजन जगत के सितारे भी बप्पा की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। वहीं, अब अभिनेता अपारशक्ति खुराना भी उत्साह के साथ इस उत्सव में शामिल होते देखे गए हैं। अपारशक्ति ने भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए अपनी मां के साथ मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर का दौरा किया। यह यात्रा तब हो रही है जब वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बर्लिन की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं।

## बर्लिन की रिलीज के लिए तैयार अपारशक्ति

वर्तमान में अपनी हालिया हिट स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रहे अपारशक्ति खुराना ने इस शुभ अवसर पर सिद्धिविनायक से बर्लिन की सफलता के लिए प्रार्थना की, जो 13 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म पहले ही विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में धूम मचा चुकी है और काफी प्रशंसा और उत्साह बटोर रही है।

अतुल सभरवाल के निर्देशन में बनी फिल्म बर्लिन एक जासूसी थ्रिलर है, जो 1990 के दशक की नई दिल्ली के राजनीतिक माहौल की झलक पेश करती है। फिल्म एक ऐसे मूक-बधिर व्यक्ति के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक जासूस होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया जाता है। इसके बाद एक सरकारी सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ उससे सच निकलवाने की कोशिशों में जुट जाता है। हालांकि, जैसे-जैसे परत दर परत रहस्य से पर्दा उठने लगता है, सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ भ्रष्टाचार की अंधेरी दुनिया में फंसता चला जाता है।



# द ट्रेटर्स शो के लिए जैसलमेर रवाना हुए करण जौहर, इस दिन से शुरू होगी शूटिंग

इंडस्ट्री के चर्चित निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब एक बड़ा रियलिटी शो होस्ट करने जा रहे हैं। इस शो का नाम द ट्रेटर्स है। यह शो लोकप्रिय अमेरिकन शो का भारतीय संस्करण है। इस शो से जुड़ी हर अपडेट पर फैंस की नजर है। अब नई जानकारी यह है कि निर्माता द ट्रेटर्स की शूटिंग के लिए जैसलमेर रवाना हो गए हैं। कहा जा रहा है कि यहां वे दो हफ्ते तक रहेंगे और द ट्रेटर्स को होस्ट करेंगे।

## कुछ ऐसा होगा शो

शो में 10 प्रतिभागी होंगे, जो एक ही स्थान पर सीमित होंगे और दर्शकों को बांधे रखने के लिए कई कार्य और अप्रत्याशित मोड़ होंगे। विभिन्न स्थानों की खोज करने के बाद, प्रोडक्शन टीम ने खेल के लिए जैसलमेर को आदर्श स्थान के रूप में चुना। मेकर्स का मानना है कि वह इस शो के लिए परफेक्ट होस्ट होंगे। इसमें शामिल सभी लोगों का मानना है कि करण शो में अपनी होस्टिंग से और भी जान डाल देंगे।

## शाहरुख ने हाल ही में ली थी चुटकी

शाहरुख खान ने मंगलवार को आइफा अवॉर्ड्स 2024 के लिए हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में करण जौहर की होस्टिंग को लेकर चुटकी ली थी। शाहरुख ने कहा कि करण ने मुझे कहा है कि वो जूम पर होस्टिंग करेगा। उसने मुझे कहा कि मैं ये भी कर लेता हूं वो भी कर लेता हूं। उन्होंने कहा कि करण अवॉर्ड शो होस्ट कर लेता है, चैट शो होस्ट कर लेता है, अरे तू फिक्र तो बना भाई। एक फिल्म मेकर के लिए ये गलत है। शाहरुख की इस बात को सुनकर वहां मौजूद हर कोई हंस पड़ा। करण जौहर के वर्क फ्रंट की बात करें तो फिलहाल इस शो के अलावा उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। वे धड़क 2 लेकर आ रहे हैं। साथ ही अक्षय कुमार के साथ भी वे एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसके टाइटल का अभी खुलासा नहीं हुआ है। दावा यह भी किया जा रहा है कि करण इन दिनों किसी एक्शन फिल्म की स्क्रिप्ट पर भी काम करने में जुटे हुए हैं।

# वेदांग रैना की पोस्ट देखकर भावुक हो गईं खुशी कपूर



वेदांग रैना जल्द ही फिल्म जिगरा में नजर आने वाले हैं, इसमें उन्होंने आलिया भट्ट के साथ काम किया है। वेदांग अभिनेता के साथ-साथ गायक भी हैं और उन्होंने जिगरा फिल्म में भी गाना गाया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक ताजा पोस्ट में अपनी संगीत यात्रा की झलक दिखाई है, जिसमें वो बचपन से लेकर बड़े होने तक अलग-अलग इवेंट्स में गाना गाते दिखाई दे रहे हैं। वेदांग के इस वीडियो पर खुशी कपूर ने कमेंट किया है, उन्हें वेदांग की कथित गर्लफ्रेंड बताया जाता है। खुशी ने कमेंट कर लिखा कि रो रही हूं, इसके साथ उन्होंने एक इमोशनल फेस वाला इमोजी और एक दिल वाला इमोजी भी लगाया। इस पोस्ट पर जान्हवी कपूर, करिश्मा कपूर और करण जौहर समेत कई सितारों ने अपना प्यार बरसाया। बता दें कि जिगरा फिल्म 11 अक्तूबर को रिलीज होगी, इसका निर्देशन वसन बाला ने किया है।





**नमो का वंदन-अभिनंदन** बुधवार को ग्रेटर नोएडा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ जोड़कर शिष्टाचार अभिनंदन करते भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश अवाना तथा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी।

# डिग्री कॉलेज में शुरू हो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कक्षाएं

## फोनरवा ने सांसद व विधायक को लिखा पत्र, सांसद ने दिया आश्वासन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने सांसद डा. महेश शर्मा से मिलकर मांग की है कि सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में स्नातकोत्तर पीजी का पाठ्यक्रम शुरू कराया जाए। इस संबंध में उन्होंने सांसद को ज्ञापन भी सौंपा।

फोनरवा पदाधिकारियों ने कहा कि नोएडा में उच्च शिक्षा की सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 1982 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की स्थापना की गई। वर्तमान में सेक्टर-39, सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप 15 एकड़ भूमि पर संचालित है। इस विद्यालय में शुरू से ही स्नातक स्तर के विषयों में कक्षाएं चल रहीं हैं। कॉलेज की स्थापना के बाद किसी भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। नोएडा शहर कि जनसंख्या लगभग 10 लाख है और नोएडा में सिर्फ एक ही कॉलेज है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अनुपलब्धता के कारण शहर के विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए गाजियाबाद, फरीदाबाद, दिल्ली और मेरठ जाना पड़ता है। अत: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सभी विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं तथा स्नातक स्तर पर एल0एल0बी0 की कक्षाएं संचालित कराई जाए। जिसका लाभ नोएडा शहर में रहने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा। सांसद ने आश्वासन दिया है कि राजकीय महाविद्यालय में कई विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को जल्दी से जल्दी शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुशील यादव, अशोक मिश्रा, देवेंद्र सिंह, संजय चौहान, उमाशंकर शर्मा, जी.एस सचदेवा, जितेंद्र यादव तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आसमान से गिरे तो खजूर पर अटके डीजीएम राजेश कुमार

## नोएडा प्राधिकरण में डीजीएम पद से हटाये गये राजेश को यूपीपीसीएल ने भी किया सस्पेंड

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण में विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में उप महाप्रबंधक (डीजीएम) के पद पर तैनात रहे राजेश कुमार का आफ्त पीछा नहीं छोड़ रही है। चंद रोज पहले नोएडा प्राधिकरण से हटाकर मूल विभाग (यूपीपीसीएल) भेजे गये राजेश कुमार को वहां रिपोर्ट करने के पहले ही सस्पेंड कर दिया गया। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

दरअसल (यूपीपीसीएल) उप्र पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के शीर्ष अफसरों ने राजेश कुमार के विलंब से लखनऊ पहुंचने तथा रिपोर्ट करने से नाराज होकर सस्पेंड कर दिया। बताया जाता है कि नोएडा प्राधिकरण ने उन्हें यहां से रिलीव करने में देरी कर दी। जिसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ा।

बता दें कि राजेश कुमार को 7 जनवरी 2021 को यूपीपीसीएल से नोएडा प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया था। तीन वर्ष पूरे होने पर उप्र औद्योगिक विभाग ने उन्हें मूल विभाग भेजने के निर्देश दिये थे। लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने 27 दिसंबर 2023 को शासन को पत्र लिखकर राजेश कुमार की प्रतिनियुक्ति दो वर्ष तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। लेकिन औद्योगिक विकास विभाग ने अनुरोध खारिज कर दिया तथा 5 सितंबर को तत्काल प्रभाव से राजेश कुमार को रिलीव करके उन्हें यूपीपीसीएल लखनऊ रिपोर्ट करने को कहा गया था, लेकिन विलंब से रिपोर्ट करने के पूर्व उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।


जन्मदिन की बधाई



तुम जियो हजारों साल
साल के दिन हों पचास हजार

प्रिंस पुत्र श्री धर्मवीर सिंह निवासी- सुभाष पार्क, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद के जन्मदिन पर चेतना मंच परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

चेतना मंच परिवार


# सेक्टर-12 मॉडर्न पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल को हटाया जाए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-12 स्थित एक मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 6 वर्षीय छात्रा के साथ कथित बैड टच की घटना के विरोध में प्रिंसिपल प्रीति शुक्ला को पद से हटाने की मांग की है। अभिभावकों ने स्कूल और बसों में सुरक्षा गार्डों की उचित व्यवस्था, कैमरों की संख्या बढ़ाना और अभिभावकों को निगरानी का अधिकार देना, सुरक्षा बाड़ की ऊंचाई बढ़ाना, शिक्षकों के व्यवहार में सुधार, पुन: प्रवेश और जुर्माने के शुल्क में कमी, अभिभावकों के लिए पहचान पत्र जारी कराने की भी प्रमुख मांगें रखीं।

स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों की मांगों पर विचार करने के लिए 10 दिनों का समय मांगा है। हालांकि, कई अभिभावक इस देरी से नाखुश नजर आए। यह घटना नोएडा में शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।




# संस्कार अध्ययन केंद्र के स्कूलों में प्रतियोगिता, विजेता छात्र पुरस्कृत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा लोक मंच द्वारा संचालित संस्कार अध्ययन केंद्र की तीनो शाखाओं (सर्फाबाद, गढ़ी, होशियारपुर) का संयुक्त हिंदी में शुलेख, इंग्लिश में डिक्टेशन तथा इंग्लिश में एलोक्यूशन कम्पटीशन कराये गए। इसमें तीनो स्कूलों के छठी, सातवीं तथा आठवीं के बच्चों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा सर्टिफिकेट भी दिये गये।



एलोक्युशन कम्पटीशन जो सर्फाबाद स्कूल का था उसमे फर्स्ट सूरज कक्षा-7, सेकेंड एल्फिना कक्षा-8, थर्ड आयुष मौर्या कक्षा-7, फोर्थ शगुन कुमारी कक्षा-7 रहे। तीनों स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनर व्हील क्लब नोएडा श्रीमती आँशु सक्सेना द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये।

इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की प्रेजिडेंट श्रीमती दीपाली पूरी अपने सदस्यों के साथ उपस्थित थी। संस्कार शिक्षा समिति से श्रीमती लीका सक्सेना, श्रीमती मुक्ता गुप्ता तथा सर्फाबाद स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा सिंह के साथ 12 अध्यापिकाओं ने भाग लिया।

# नगर पालिका व नगर पंचायतों संग डीएम ने की वार्ता

## कूड़ा न उठाने व सफाई न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नगर पालिका दादरी, नगर पंचायत दनकौर, बिलासपुर, रबूपुरा, जहांगीरपुर, जेवर में 15वें वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों द्वारा अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष अपने प्रस्ताव रखें, जिस पर उन्होंने विचार उपरांत स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी के क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसको लेकर समय-समय पर औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते रहे एवं यदि सफाई व्यवस्था एवं डोर टू डोर कूड़ा उठाने के कार्यों में लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों से कहा कि आप सभी अपनी कार्य योजनाओं में अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों को भी समायोजित करते हुए उनमें जीर्णोद्धार, वॉल पेंटिंग व अन्य मूलभूत सुविधाओं का कार्य कराया जाए।

# 17 से 2 अक्टूबर तक जनपद में चलेगा महा सफाई अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा 17 दिवसीय अक्टूबर तक संचालित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर सभी अधिकारी साफ-सफाई तथा सफाई मित्रों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान तथा उनका



महासफाई अभियान चलपाया जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन अर्बन उत्तर प्रदेश के तहत जनपद गौतमबुद्ध नगर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान को लेकर आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के विजन को और अधिक बल देने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 2 अपनी-अपनी तैयारियां समय रहते पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए इसमें अधिक से अधिक जन सहभागिता दर्ज करायें और लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित करते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी, सार्वजनिक भागीदारी, जागरूकता, श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता तथा स्वच्छता लक्षित इकाई के अंतर्गत ब्लैक स्पॉट चिन्हित करना व स्वास्थ्य जांच कराना है।

डीएम ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्थानीय निकायों के स्तर पर स्वच्छ घर अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट तीन घरों को सम्मानित किया जाना है। निकाय द्वारा संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत घाट, शौचालय, हेरिटेज एवं धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई की व्यवस्था की जानी है। स्वच्छ बाजार अभियान के अंतर्गत समस्त बाजारों को प्लास्टिक मुक्त एवं साफ-सफाई कराया जायेगा। संपूर्ण स्वच्छता के अंतर्गत 155 घंटे का महा सफाई अभियान भी चलाया जाएगा।